राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
+9198523 15231
+91 9625958256

Epaper :https://dainikshubhbhaskar.com

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

https://shubhbhaskar.com

उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से एक साथ प्रसारित

• वर्ष : 1 • अंक : 312 • नई दिल्ली, 05 नवंबर 2024 • पृष्ठ: 8 • मूल्य : 04 रुपये, RNI.NO. UPHIN/2015/64737



## झारखंड की जनता अब इंडी अलायंस की सरकार को उखाड़कर कमल खिलाने को आतुर : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि झारखंड की जनता अब इंडी अलायंस की सरकार को उखाड़कर कमल खिलाने को आतुर है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में हर तरफ एक ही गूंज है, 'रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार। प्रधानमंत्री ने झारखंड के गढ़वा में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते कहा कि जनता ने कुछ महीने पहले दिल्ली में लगातार तीसरी बार भाजपा-एनडीए सरकार बनाई। अब झारखंड में विधानसभा का चुनाव है, हम सभी को मिलकर यहां भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि वह यहां जनता का आशीर्वाद मांगने आये हैं। जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी पर परिवारवाद को लेकर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि परिवारवाद झारखंड का एक बहुत बड़ा दुश्मन है। उन्होंने कहा कि ये तीनों दल घोर परिवारवादी हैं। ये चाहते हैं कि सत्ता की चाबी केवल इन्हीं के परिवार के पास रहे। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं का सामर्थ्य बढ़े, उन्हें नए अवसर मिलें ये सरकार की जिम्मेदारी होती है, लेकिन जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने झारखंड के युवाओं के साथ धोखा ही किया है। इन्होंने (जेएमएम-कांग्रेस) झारखंड के नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन वादा पूरा नहीं किया। भर्तियों में धांधली, पेपर लीक जैसे यहां का उद्योग बन गया है। सिपाही भर्ती के दौरान जेएमएम सरकार की लापरवाही के कारण कई नौजवाओं की दुखद मृत्यु हो गई। अब झारखंड भाजपा ने इस स्थिति को बदलने का निर्णय लिया है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद करीब 3 लाख सरकारी पदों को पारदर्शी तरीके से भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी जहां-जहां भी झूठ बोलकर सत्ता में आए हैं, उस राज्य को उन्होंने बर्बाद कर दिया है। कांग्रेस के अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) ने भी मान लिया है कि कांग्रेस झूठी गारंटी देती है। उनके मुंह से भी जाने-अनजाने में सच निकल गया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जो ये अनाप-शनाप घोषणाएं हैं, ये राज्यों को दिवालिया कर देंगी। प्रधानमंत्री ने छठ के उत्साह का जिक्र करते हुए छठी मैया की उपासना करने वालों को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि झारखंड में ये चुनाव ऐसे समय हो रहे हैं, जब पूरा देश 'विकसित भारत' के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है यानी आने वाले 25 वर्ष देश और झारखंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे और झारखंड भी तब 50 वर्ष का होने वाला होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा, झारखंड की सुविधा, सुरक्षा, स्थिरता व समृद्धि की गांरटी के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। प्रधानमंत्री ने झारखंड भाजपा को शानदार संकल्प पत्र जारी करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये संकल्प पत्र रोटी-बेटी-माटी के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है। माताओं, बहनों, बेटियों के कल्याण के लिए झारखंड भाजपा के संकल्प पत्र में अनेक संकल्प लिए गए हैं। 'गोगो दीदी योजना' के तहत हर महीने माताओं-बहनों को 2,100 रुपये दिए जाएंगे। गरीब परिवार की माताओं-बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत पहले गैस कनेक्शन दिए गए, अब झारखंड में बनने जा रही भाजपा सरकार 500 रुपये में गैस सिलेंडर देगी इसके साथ अगले साल दीपावली और रक्षाबंधन पर दो मुफ्त सिलेंडर भी देगी।

### प्रधानमंत्री ने अल्मोड़ा बस हादसे पर जताया दुख, मुआवजे की घोषणा की

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए बस हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में लिखा, "उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए सड़क हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों की शीघ्र कुशलता की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हरसंभव प्रयास में जुटा है। एक अन्य पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री ने अल्मोड़ा हादसे में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

## अल्मोड़ा: खाई में गिरी यात्रियों से खचाखच भरी बस, 20 की मौत?

एजेंसी। अल्मोड़ा

उत्तराखंड में सोमवार सुबह बड़ा बस हादसा हुआ। अल्मोड़ा जिले में सल्ट तहसील के मारचूला स्थित कूपी गांव के पास रानीखेत जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिस खाई बस गिरी है, लगभग उसकी गहराई 100 मीटर से अधिक है। घटना में करीब 20 से अधिक लोगों के मौत की सूचना मिल रही है। बस में कुल 40 यात्री सवार थे। पुलिस, प्रशासन ने रेस्क्यू का काम तेज कर दिया है। रामनगर और अल्मोड़ा से एंबुलेंस मौके पर रवाना हो गई है। रामनगर और सुशीला तिवारी अस्पताल में घायलों के उपचार के लिए तैयारी की जा रही है। सोमवार की सुबह रामनगर से एक बस रानीखेत की ओर को जा रही थी। मारचुला के पास पहुंचने पर बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। रेस्क्यू कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने बताया एंबुलेंस भेज दी गयी है। एसडीएम व पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए हैं। राहत बचाव का तेजी से किया जा रहा है।



### राष्ट्रपति और केंद्रीय गृह मंत्री ने अल्मोड़ा बस हादसे पर जताया दुख

**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए बस हादसे पर दुख जताया है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया एक्स पर अपना शोक संदेश साझा करते हुए कहा, "अल्मोड़ा, उत्तराखंड में एक सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित कई लोगों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त करती हूं तथा घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अल्मोड़ा बस हादसे पर दुख जताते हुए एक्स पर पोस्ट किया, "उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुई बस दुर्घटना अत्यंत दुःखद है। इस हादसे में अपना जीवन गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। स्थानीय प्रशासन द्वारा घायलों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### अब्दुल रहीम राथर जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए



**जम्मू**। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के वरिष्ठ नेता और चरार-ए-शरीफ से सात बार के विधायक अब्दुल रहीम राथर को सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की विधानसभा का पहला अध्यक्ष चुन लिया गया है। राथर (80) को ध्वनिमत से अध्यक्ष चुना गया, जिसका कारण विपक्षी दलों द्वारा इस पद के लिए चुनाव न लड़ने का फैसला करना था। चुनाव की प्रक्रिया का संचालन प्रोटेम स्पीकर मुबारक गुल ने किया। कृषि मंत्री जावेद अहमद डार ने विधानसभा के पांच दिवसीय सत्र के पहले दिन राथर को अध्यक्ष पद के लिए नामित करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसका समर्थन नेकां के विधायक रामबन अर्जुन सिंह राजू ने किया। इसके बाद सदन के नेता उमर अब्दुल्ला और विपक्ष के नेता सुनील शर्मा (भाजपा) ने राथर को अध्यक्ष की कुर्सी तक लेकर गए। अब्दुल रहीम राथर इससे पहले पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर की विधानसभा में अध्यक्ष का पद संभाल चुके हैं। उन्होंने 2002 से 2008 तक विपक्ष के नेता के रूप में भी कार्य किया, जब पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी)-कांग्रेस गठबंधन की सरकार थी।

### केरल, पंजाब और उप्र में उपचुनाव की तारीख बदली, अब 13 की बजाय 20 नवंबर को होगा मतदान




**नई दिल्ली**। चुनाव आयोग ने तीन राज्यों की 14 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव से जुड़ी मतदान तारीखों में बदलाव किया है। अब इन सीटों पर 13 नवंबर की बजाय 20 नवंबर को मतदान होगा। जिन सीटों पर उपचुनाव की तारीख बदली गई हैं, वे इस प्रकार हैं – केरल की पलक्कड़। पंजाब की डेरा बाबा नानक, छब्बेवाल (एससी), गिद्दड़बाहा, बरनाला। उत्तर प्रदेश की मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर (एससी), करहल, शीशामऊ, फूलपुर, कटेहरी और मझवां। चुनाव आयोग ने बताया कि उसे विभिन्न मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों (जिनमें भाजपा, कांग्रेस, बसपा, रालोद शामिल हैं) और कुछ सामाजिक संगठनों से 13 नवंबर को उपचुनाव वाले कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदान की तारीख बदलने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। उस दिन बड़े पैमाने पर सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इससे बड़ी संख्या में लोगों को असुविधा हो सकती है, विभिन्न व्यवस्था संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं और मतदान के दौरान मतदाताओं की भागीदारी कम हो सकती है। आयोग ने इन कारकों और अभ्यावेदनों पर विचार करने के बाद 14 सीटों पर मतदान की तिथि 13 नवंबर (बुधवार) से बदलकर 20 नवंबर करने का निर्णय लिया है।

## कनाडा में खालिस्तानियों ने हिंदुओं पर किया लाठी डंडों से हमला

एजेंसी। ओटावा

खालिस्तानियों के चक्कर में कनाडा और भारत के बीच चल रही तनतनी के साथ अब हिंदुओं पर हमले होना शुरु हो गएं हैं। ब्रैम्पटन शहर में एक हिंदू मंदिर को कथित तौर पर खालिस्तानियों ने निशाना बनाया है। रविवार को ये घटना हुई है, जब एक समूह ने यहां पूजा पाठ के लिए आए लोगों पर हमला किया। इस घटना की जो तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, उसमें हिंदू सभा मंदिर के बाहर कुछ लोगों को लाठी-डंडों से हमला करते हुए देखा जा सकता है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, विपक्षी नेता पोइलिवरे और सांसद चंद्र आर्य ने इस घटना की निंदा की है। कनाडा के सीएम जस्टिन ट्रूडो ने एक्स पर लिखा, ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में हुई हिंसा की घटनाएं अस्वीकार्य हैं। प्रत्येक कनाडाई को अपने विश्वास का स्वतंत्र रूप से और सुरक्षित रूप से पालन करने का अधिकार है। समुदाय की सुरक्षा और इस घटना की जांच के लिए त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए पील क्षेत्रीय पुलिस को धन्यवाद। भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में हिंसा की वीडियो शेयर करते हुए कहा, कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथियों ने रेड लाइन को पार किया है। ये हमला दिखाती है कि कनाडा में खालिस्तानी हिंसक उग्रवाद कितना गहरा और निर्लज्ज हो गया है। मुझे लगने लगा है कि इसमें सच्चाई है कि कनाडा के राजनीतिक तंत्र के अलावा, खालिस्तानियों ने हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों में भी प्रभावी ढंग से घुसपैठ कर ली है।सांसद चंद्र आर्य ने आगे कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम तहत खालिस्तानी चरमपंथियों को कनाडा में खुली छूट मिल रही है। मैं लंबे समय से कहता रहा हूं कि हिन्दू समुदाय की सुरक्षा के लिए हिंदू-कनाडाई लोगों को आगे आकर अपने अधिकारों का दावा करना होगा और राजनेताओं को जवाबदेह बनाना होगा। कनाडा में विपक्ष के नेता पियरे पोलीवरे ने हिंदू सभा मंदिर पर हमले की निंदा करते हुए कहा कि सभी कनाडाई लोगों को शांति से अपने धर्म का पालन करने का पूरा अधिकार है।



### ब्रैम्पटन में मंदिर पर हमले की भारत ने की निंदा, कनाडा सरकार से पूजा स्थलों की सुरक्षा की मांग

**नई दिल्ली**। भारत ने ओंटारियो (कनाडा) के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में रविवार को खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा की और उम्मीद जताई है कि हिंसा करने वालों पर कार्रवाई होगी। भारत ने कनाडा में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है और कनाडा सरकार से सभी के पूजा स्थलों को हमलों से बचाने का आह्वान किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने मीडिया के प्रश्नों पर कहा कि हम कल ओंटारियो के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में चरमपंथियों और अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा करते हैं। हम कनाडा सरकार से यह सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं कि सभी पूजा स्थलों को ऐसे हमलों से बचाया जाए। हम यह भी उम्मीद करते हैं कि हिंसा में शामिल लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। हम कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। भारतीयों और कनाडाई नागरिकों को समान रूप से सेवाएं प्रदान करने के लिए हमारे कांसुलर अधिकारियों की पहुंच को धमकी, उत्पीड़न और हिंसा से रोका नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि टोरंटो के पास ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर के साथ मिलकर आयोजित वाणिज्य दूतावास शिविर के बाहर भारत विरोधी तत्वों ने रविवार (3 नवंबर) को हिंसक व्यवधान पैदा किया था। 2-3 नवंबर को वैंकूवर और सरे में आयोजित इसी तरह के शिविरों को भी बाधित करने का भी प्रयास किया गया था।

## भारतीय लोक प्रशासन में औपनिवेशिक मानसिकता से अलग भारतीय विशेषताएं होनी चाहिएः उपराष्ट्रपति

एजेंसी। नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि भारत तेजी से औपनिवेशिक मानसिकता को त्याग रहा है, हम अब पूर्व में प्रचलित औपनिवेशिक विचारों और प्रतीकों को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय लोक प्रशासन में औपनिवेशिक मानसिकता से अलग भारतीय विशेषताएं होनी चाहिए, जो स्वतंत्रता के बाद की हमारी आकांक्षाओं के अनुरूप हों। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने नई दिल्ली में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) की आम सभा की 70वीं वार्षिक बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कि हम अब पहले के देवता माने जाने वाले



औपनिवेशिक विचारों और प्रतीकों को चुनौती दे रहे हैं। किंग्स वे अब कर्तव्य पथ बन गया है और रेसकोर्स रोड लोक कल्याण मार्ग बन गया है। नेताजी अब उस छतरी के नीचे खड़े हैं, जहां कभी किंग जॉर्ज की मूर्ति हुआ करती थी। भारतीय नौसेना के ध्वज को बदलकर हमारा तिरंगा शामिल कर दिया गया। औपनिवेशिक काल की 1500 प्रतिमाएं अब कानून की किताब में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली को औपनिवेशिक विरासत से मुक्त कर दिया है। सरकारी अधिकारियों के बीच भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सॉफ्ट स्किल्स के महत्व पर प्रकाश डालते हुए धनखड़ ने कहा कि अपने प्रशिक्षुओं की भावनात्मक बुद्धिमत्ता पर अधिक ध्यान दें। सरकारी अधिकारियों के बीच सॉफ्ट स्किल्स, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सांस्कृतिक क्षमता विकसित करना महत्वपूर्ण है ताकि अधिकारी हाशिए पर पड़े और वंचित लोगों के संघर्षों को समझ सकें, ऐसी नीतियों को डिजाइन और लागू कर सकें, जो वास्तव में उन चुनौतियों का समाधान करें। लोक प्रशासन में प्रौद्योगिकी अपनाने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम और शोध पहलों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, साथ ही सार्वजनिक सेवा वितरण में उनके नैतिक और जिम्मेदार कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना चाहिए।

### देश की आर्थिक स्थिति बहुत खराब, पीएम मोदी जनता को बरगला रहेः खड़गे

**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर हमला बोला उन्होंने कहा कि इस सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को हर स्तर पर गिरा दिया है। खड़गे ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी आंकड़ों में फर्जीवाड़ा कर देश की जनता को बरगला रहे हैं, जबकि वास्तविकता में आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है। खड़गे ने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी जी, नकली आख्यान वास्तविक कल्याण का विकल्प नहीं हो सकते हैं। आम लोगों का पैसा लूटकर आपने जो आर्थिक उथल-पुथल पैदा की है, उससे त्यौहारी खुशियां भी कम हुई हैं। उच्च मुद्रास्फीति से असमानता बढ़ी है, निवेश में कमी आई है और अर्थव्यवस्था स्थिरता के संकट से जूझ रही है। आपकी सरकार ने गरीबों और मध्यम वर्ग पर महंगाई का बोझ डालकर और बिना सोचे-समझे कराधान के जरिए से उनकी बचत को खत्म कर दिया है।

## केंद्र के प्रयासों से बड़ी संख्या में महिलाएं विमानन को करियर के रूप में चुन रहीं : द्रौपदी मुर्मु

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार के समावेशी प्रयासों से नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि अब अधिक से अधिक महिलाएं विमानन को अपने करियर के रूप में चुन रही हैं। राष्ट्रपति मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में भारतीय विमानन क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं के एक समूह के साथ बातचीत कर रही थीं। यह बैठक "द प्रेसिडेंट विद द पीपल" पहल के तहत हुई, जिसका उद्देश्य लोगों के साथ गहरा जुड़ाव स्थापित करना और उनके योगदान को मान्यता देना है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार के समावेशी प्रयासों से नागरिक



उड्डयन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा मिला है। अब अधिक से अधिक महिलाएं विमानन को अपने करियर के रूप में चुन रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विमानन उद्योग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए समान अवसर भी आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाएं विभिन्न परिचालन और तकनीकी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि 15 प्रतिशत एयर ट्रैफिक कंट्रोलर महिलाएं हैं, 11 प्रतिशत फ्लाइट डिस्पैचर महिलाएं हैं और 9 प्रतिशत एयरोस्पेस इंजीनियर महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल वाणिज्यिक लाइसेंस प्राप्त करने वाली 18 प्रतिशत पायलट महिलाएं थीं। उन्होंने उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि वे अभिनव सोच रखती हैं और नए रास्ते पर चलने का साहस रखती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा और उचित प्रशिक्षण के अलावा परिवार का सहयोग भी महत्वपूर्ण है।

## छठ पर रेलयात्रियों के लिए आज चलाई जा रही हैं 185 विशेष ट्रेन

**नई दिल्ली**। छठ के अवसर पर रेल से यात्रा करने वालों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे आज 185 विशेष रेलगाड़ियां चला रही है। यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने महत्वपूर्ण स्टेशनों पर विशेष व्यवस्था की है। भारतीय रेल इस वर्ष लगभग 7,500 विशेष रेलगाड़ियां चला रही है, जबकि पिछले साल 4,500 विशेष गाड़ियां चलाई गई थीं। 3 नवंबर को रेलवे ने 188 से अधिक विशेष गाड़ियां चलाईं। रेल मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि 4 नवंबर को चलाई जा रही कुछ महत्वपूर्ण विशेष रेलगाड़ियों में रेलगाड़ी संख्या 04078 आनंद विहार पटना एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 04032 आनंद विहार सहरसा एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 04058 आनंद विहार मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, 02246 निज़ामुद्दीन पटना एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 04526 सरहिन्द सहरसा एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 02270 लखनऊ छपरा एक्सप्रेस, 01009 लोकमान्य तिलक दनापुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 01205 पुणे दानापुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी



संख्या 02832 भुबनेस्वर धनबाद एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 08520 विशाखापट्टनम दानापुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 01481 पुणे दानापुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 01143 लोकमान्य तिलक टर्मिनल दानापुर, रेलगाड़ी संख्या 01025 दादर बॉलिय एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 02398 आनंदविहार गया एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 02394 नई दिल्ली पटना एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 03256 आनंद विहार पटना एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 03258 आनंद विहार दानापुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 05220 आनंद विहार मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 05290 पुणे मुज़फ़्फ़रपुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 05284 आनंदविहार मुज़फ़्फ़रपुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 03131 सियालदह गोरखपुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 03414 नई दिल्ली मालदा एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 03502 कटिहार आसनसोल एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 03504 पटना आसनसोल एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 03045 हावड़ा रक्सौल एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 03511 आसनसोल पटना एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 05186 यसवंतपुर छपरा एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 05114 लोकमान्य तिलक टर्मिनल छपरा, रेलगाड़ी संख्या 05194 एम सी तुसार महाजन छपरा एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 05194 लोकमान्य तिलक टर्मिनल छपरा, रेलगाड़ी संख्या 05284 आनंदविहार मुज़फ़्फ़रपुर एक्सप्रेस, रेलगाड़ी संख्या 05743 कटिहार छपरा एक्सप्रेस और रेलगाड़ी संख्या 05744 छपरा कटिहार एक्सप्रेस शामिल हैं।

## स्कूल बंद करने का फैसला, योगी सरकार गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा नहीं देना चाहती : प्रियंका गांधी वाड्रा

**लखनऊ**। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में 27,764 प्राइमरी और जूनियर स्कूलों के बंद होने की चर्चा पर योगी सरकार पर कड़ा हमला किया है। उन्होंने निर्णय को शिक्षा के क्षेत्र में असमानता बढ़ाने और दलित, पिछड़े, गरीब तथा वंचित तबकों के बच्चों के खिलाफ बताया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने लिखा, योगी सरकार ने 27,764 प्राइमरी और जूनियर स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया है। यह कदम शिक्षा के साथ-साथ समाज के कमजोर वर्गों के खिलाफ है। यूपीए सरकार ने शिक्षा के अधिकार का कानून लाई थी, जिसके तहत हर एक किलोमीटर की परिधि में एक प्राइमरी स्कूल की व्यवस्था की गई थी, ताकि सभी तबके के बच्चों के लिए शिक्षा सुलभ हो सके। उन्होंने कहा कि कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं का उद्देश्य मुनाफा कमाना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना होता है। प्रियंका ने आरोप लगाया कि भाजपा नहीं चाहती कि कमजोर तबके के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके।

## आगरा के पास वायु सेना का मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

**नई दिल्ली**। उत्तर प्रदेश में आगरा के पास सोमवार को वायु सेना का एक मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ने पंजाब के आदमपुर से उड़ान भरी थी और अभ्यास के लिए आगरा जा रहा था। दुर्घटना से पहले विमान के पायलट सहित दो लोग सुरक्षित कूद गए, जिससे उनकी जान बच गई। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए भारतीय वायु सेना ने जांच के आदेश दे दिए हैं। वायु सेना के मिग-29 लड़ाकू विमान ने आज दोपहर पंजाब के आदमपुर से उड़ान भरी। विमान में पायलट समेत 2 लोग मौजूद थे लेकिन भारतीय वायु सेना के पायलट समेत दोनों लोगों ने खेत में कूदकर जान बचाई। वायु सेना ने एक बयान में बताया कि मिग-29 विमान के सिस्टम में आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान आगरा के पास खराबी आ गई। सुरक्षित तरीके से बाहर निकलने से पहले पायलट ने विमान को नियंत्रित किया, ताकि जमीन पर जान-माल को कोई नुकसान न पहुंचे। बयान में बताया गया है कि पायलट सहित दोनों लोगों के सुरक्षित कूदने के बाद लड़ाकू विमान उत्तर प्रदेश के आगरा में कागारौल के सोनिगा गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## ख़ास ख़बर

### बाइक सवार बदमाशों ने जमीन विवाद में व्यक्ति को मारी गोली

**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छपरा(बिहार)04 नवम्बर 2024**:- बनियापुर थाना क्षेत्र के पिरौटा गावं में अपराधियों ने रविवार की देर रात एक व्यक्ति को गोली मार दिया। जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गया जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ से उसे बेहतर ईलाज के लिए पीएमसीच रेफर कर दिया गया। घायल व्यक्ति की पहचान पिरौठा निवासी ब्रजभूषण दुबे पिता रघुबर दुबे के रूप में हुई। गोली मारने का मुख्य कारण आपसी का जमीनी विवाद बताया जा रहा रहा है। गोली घायल व्यक्ति के सीने और बांह को चीरती हुई निकल गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार घायल ब्रजभूषण दुबे अपने परिवार के साथ लखनऊ में रहकर नौकरी करते है। दीपावली और छठ पूजा को लेकर वह बनियापुर अपने घर आये हुए है। रविवार के देर रात अपराधियों ने उनके घर पर चढ़कर उन्हें गोली मार दिया। घायल ब्रजभूषण दुबे ने बताया कि रात में हम घर के बाहर खड़े थे। तभी एक बाइक पर सवार होकर दो लड़के आए और गोली मारकर भाग गए। उसमें एक लड़के को मैंने पहचान लिया जो रविरंजन था। उसके साथ मेरा जमीनी विवाद चल रहा है। वह पहले भी जान से मारने का धमकी दे चुका है।

### छठ पूजा की तैयारी जोरो पर

**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद**। जिले के विभिन्न जगहों पर छठ पूजा की तैयारी काफी जोरो पर चल रही है।रफीगंज शहरी क्षेत्र के धावा नदी के काली घाट पर आजाद वीर संघ, महादेव घाट पर संस्कार सेवा समिति , रानी तालाब घाट पर आदित्य छठ पूजा समिति, हरिश्चंद्र घाट ,धावा घाट एवं ग्रामीण क्षेत्र के चरकावां उपरीडीह सूर्य तालाब, सिघी बुजूर्ग सूर्य तालाब, कासमा धावा नदी पर सनराइज क्लब ,सरावक ,देवकली के धावा नदी घाट, गोरडीहा के सूर्य तालाब, पौथू, भेटनिया, ईटार, भदवा ,जाखीम,वराही, दनई, बलिगांव ,लटा ,लोहरा,गंभरिया,दूगूल , बलार सहित विभिन्न जगहों के नदी, तालाब, नहर के घाटो पर आयोजको द्वारा साफ-सफाई,लाइटिग, सजावट की जा रही है। आजाद वीर संघ के आयोजक सुरेश प्रजापति ,मंटू कुमार,अशोक प्रसाद, अनिल गौतम , सरोज कुमार सिंह ने बताया कि 35 वर्षों से छठ पूजा के अवसर पर डाबंगला के मैदान मे सूर्य प्रतिमा स्थापित कर विशाल पंडाल एवं मेला लगायी जाती है।आयोजको द्वारा धावा नदी के काली घाट पर साफ-सफाई, लाईटिंग,सजावट की जा रही है।

### महाआरती - भंडारा का आयोजन

**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद**। जिले के रफीगंज शहर के बाबूगंज अस्पताल रोड स्थित शिव समिति के सदस्यो के द्वारा महाआरती एवं भंडारा का आयोजन किया गया। समीति के अध्यक्ष सोनु कुमार एवं सरोज कुमार सिंह ने बताया बताया कि दिपावली के अवसर पर 1902 से ही मां लक्ष्मी का प्रतिमा स्थापित कर लगातार 122 वर्षो से पूजा-अर्चना की जा रही है। रविवार की शाम महा आरती के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष अशोक लाल, रंजन कुमार , सोनू कुमार, अजीत कुमार , महाराज कुमार , रवि रंजन कुमार, विवेक कुमार, अमित कुमार, संतोष कुमार सहित अन्य लोगो ने हिस्सा लिया।

# बीएलओ डोर टू डोर जाकर मतदाताओं का नाम जोड़ें : डीएम

**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छपरा(बिहार) 04 नवम्बर 2024**:- जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समन्वय बैठक आहुत की गई।न्यायालय से संबंधित मामलों में सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय तथ्य विवरणी दायर करने का निदेश दिया गया। पैक्स निर्वाचन से संबंधित तैयारी को समयबद्ध ढंग से निष्पादित करने का निदेश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। जिले में 29 पंचायतों में पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करना शेष है, इस कार्य को उच्च प्राथमिकता देते हुए सुनिश्चित करने का निदेश सभी अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 2, 3, 23 एवं 24 नवंबर को विशेष अभियान दिवस निर्धारित है। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ महापर्व में अधिकांश लोग अपने गाँव/घर आते हैं। इसको देखते हुये 9 एवं 10 नवंबर को भी विशेष अभियान दिवस चलाने का निदेश दिया गया। इस दिन सभी बीएलओ डोर टू डोर जाकर लोगों से संपर्क करेंगे तथा जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है उनका नाम सूची में शामिल करने हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। युवा मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं का नाम जोड़ने हेतु विशेष पहल सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को इसका सघन पर्यवेक्षण करने का निदेश दिया गया। सभी बीएलओ एक विशेष प्रपत्र में डोर टू डोर विजिट का आंकड़ा संकलित करेंगे। बैठक में उपविकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अन्य अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि जुड़े थे।




### पिकअप वैन की चपेट में आने से 3 की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर**
**धनबाद झारखंड**।
धनबाद जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में फकीरडीह चौक के पास आज सुबह करीब 6 बजे एक पिकअप वैन ने 3 छात्रा और एक महिला को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही 2 छात्रा और एक महिला की मौत हो गई। वही एक छात्रा गंभीर रूप से घायल है,जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि घटना के बाद से ही आक्रोशित लोगों ने जीटी रोड को घंटों जाम करके रख दिया। वही घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने कहा कि 3 छात्रा को एक महिला सुबह 6 बजे ट्यूशन के लिए ले जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित पिकअप वाहन ने रोड किनारे खड़े चारों को अपने चपेट में ले लिया,जिससे मौके पर ही 3 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मरने वाले तीनों एक ही परिवार की थी। वही घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। वहीं घटना का झामुमो के धनबाद जिला सचिव मन्नू आलम ने एनएचआई को दोषी ठहराया है। उन्होंने मीडिया के समक्ष कहा कि यदि आज फ्लाईओवर बना होता तो तीन युवतियों की मौत नहीं होती। फ्लाईओवर नहीं बनने से जीटी रोड मौत का सड़क बन चुका है और ना जाने और कितनों का जान लेगा

♦ **आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम**

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव के नेतृत्व में बोकारो में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**दैनिक शुभ भास्कर, साजिद ,ब्यूरो चीफ ,रांची (झारखंड)**। बोकारो जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर और सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन में दुग्दा थाना के बूढ़ीदीह में छापेमारी की गई। जिला उत्पाद बल ने अवैध विदेशी शराब की फैक्ट्री का खुलासा किया, जहां शराब निर्माण की सामग्रियों और तैयार शराब को जब्त किया गया।

**कार्रवाई की जानकारी**: निरीक्षक उत्पाद बिजय कुमार पाल, अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की, और अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास ने कार्रवाई में भाग लिया। छापेमारी में 5,08,470 रुपये मूल्य का सामान जब्त किया गया। जब्त सामग्री में 54 लीटर विदेशी शराब, 225 लीटर स्पिरिट, 450 लीटर तैयार विदेशी शराब, और अन्य सामग्रियां शामिल हैं। अभियुक्तों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।



### हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड पर औचक निरीक्षण करने पहुंचे उपायुक्त व एसएसपी

**वाहनों की सघन जांच करने का दिया निर्देश**



**दैनिक शुभ भास्कर**
**धनबाद झारखंड**
**धनबाद** : झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में 11 इंटर स्टेट एवं 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। चेक पोस्ट से गुजरने वाले हर वहनों की जांच की जा रही है। इसी संदर्भ में आज दिनांक 04 नवंबर 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदीप पी जनार्दनन ने हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड पर स्थापित अमलखोरी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मियों को जिले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन जांच करने तथा वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर व ऑनर का नाम, पता, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया।साथ ही भारी मात्रा में नगदी, शराब, ज्वेलरी, नशीले पदार्थ सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली अन्य सामग्रियां मिलने पर जब्त करने का निर्देश दिया। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने छोटे वहनों के साथ साथ बड़े वाहनों की भी औचक जांच करने का निर्देश दिया।

## घाटो की साफ-सफाई का उपाध्यक्ष ने निरीक्षण किया



छठ घाट का निरीक्षण करते।

**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद**। रफीगंज शहरी क्षेत्र के धावा नदी के काली घाट ,महादेव घाट,बिजली सब स्टेशन स्थित रानी तालाब, हरिश्चंद्र घाट, धावा घाट सहित कई घाटो की साफ-सफाई का निरीक्षण नगर पंचायत उपाध्यक्ष आरती देवी एवं प्रतिनिधी दिलीप कुमार उर्फ कारू प्रसाद ने निरीक्षण किया।

शहरी क्षेत्र के सभी घाटो पर नगर पंचायत की ओर साफ-सफाई की जा रही है। कार्यपालक पदाधिकारी सहाब यहैया एवं प्रतिनिधी कारू प्रसाद ने कहा कि छठव्रतियों की सुविधा के लिये सभी घाटो पर साफ-सफाई अभियान जोरो है । और छठ पूजा समिति के सदस्यो से मिलकर बेहतर सुविधा देने का आश्वासन दिया।

और कहा कि खुद भी सक्रिय रहे। इस अवसर पर आजार वीर संघ के सुरेश प्रजापति, मंटू कुमार,अंकू कुमार, सुनील मिस्त्री, सुशील, साकेत कुमार, महादेव घाट छठ पूजा संस्कार सेवा समिति के अरूण चौधरी, महेश चौधरी,उमेश सिंह, नंदलाल प्रसाद,राजू गूप्ता,सोनू ,गोलू एवं आदित्य छठ पूजा समिति के दीपक भारती ,सत्येंद्र प्रसाद,श्रवण कुमार कौशल मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कॉमरेड चंद्रदेव महतो का जनसंपर्क अभियानः विकास और समृद्धि के लिए मतदान की अपील

❒ **इंडिया गठबंधन के तमाम नेता एवं कार्यकर्ता एकजुट जीत निश्चित**

**दैनिक शुभ भास्कर**
**धनबाद ,झारखंड**।
इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कॉमरेड चंद्रदेव महतो ने गोविंदपुर प्रखंड एवं बलियापुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया और मतदाताओं से अपने इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं को भी जनता के बीच रखा और इंडिया गठबंधन की सरकार प्रदेश में बने रहने की अपील की। इस दौरान, कॉमरेड चंद्रदेव महतो ने नारोडीह, चक्चिरुबाद, मधुबनी, बाघमारा, बहादुरपुर, बस्तीपुर, गौड़तोपा, कारीताड़, जगदीश और प्रधानखंता का दौरा किया और मतदाताओं को अपनी पार्टी की नीतियों और योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने आश्वस्त किया कि इंडिया गठबंधन की सरकार प्रदेश में विकास और समृद्धि लाएगी। कॉमरेड चंद्रदेव महतो ने विभिन्न पंचायतों का दौरा किया और मतदाताओं से सीधे संवाद किया, उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अभियान में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे। वहीं दूसरी और बलियापुर प्रखंड के महागठबंधन के तमाम सक्रिय नेता, कार्यकर्ताओं ने सिंदरी के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी चंद्रदेव महतो के पक्ष में तूफानी जनसंपर्क अभियान किया सिंदरी विधानसभा के सभी इंडिया गठबंधन के नेता एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने अपना चुनावी अभियान शुरू कर दिया है। इसी दरमियान जनसंपर्क करते हुए बलियापुर प्रखंड के विभिन्न गांव ,टोला ,मोहल्ला जैसे चांदकुईयाँ, गोलमारा, भागारामपुर, सीमाटांड़, बरवाडीह ,आमटाल,पलानी ढोकरा ,प्रधानकांटा ,सिंदूरपुर आदि क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया गया, जिसमें प्रमुख पिंकी देवी, अविनाश महतो ,शीतल दत्ता, पसस हीरालाल मोदक, विजय राम अजीत मंडल आनंद महिपाल प्रभास पाल गणेश महतो विजय रजक सुनील महतो सत्येंद्र महतो आमोद बावरी अर्जुन महतो अरविंद महतो जयपाल महतो राजा रवानी सीमा देवी ,यशोदा देवी, डोली देवी बबीता देवी, रीता देवी बेली देवी, मीना देवी, सुजीत देवी, सोनामणि देवी, चिंता कुमारी, माधुरी देवी सुलोचना देवी एवं अन्य सक्रिय इंडिया गठबंधन के साथी की उपस्थिति में मतदाताओं से सीधे संवाद किया और चंद्रदेव महतो के पक्ष तीन तारा छाप में वोट देने का अनुरोध किया।







**सिंदूरपुर में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन**: इंडिया गठबंधन भाकपा माले प्रत्याशी चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो एवं झामुमो के पूर्व धनबाद जिला अध्यक्ष रमेश टुडू ने संयुक्त रूप से सिंदूरपुर में अपने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं को संबोधित किया और अपनी पार्टी की नीतियों और योजनाओं के बारे में बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### बरहरवा थाना पुलिस ने एक वारंटी को भेजा जेल

**बरहरवा।** रविवार की रात को बरहरवा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के,,सिरासीन गांव से कादीर शेख नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कदीर शेख पर उसके गांव के ही कालू शेख ने उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए बरहरवा थाना में प्राथमिक की दर्ज कराया था उसी के आलोक में पुलिस ने रविवार की रात को कदीर शेख को न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### सूर्य देव घाट में अनियंत्रित होकर टोटो पलटने से उसमें बैठे पति-पत्नी बुरी तरह से घायल।रेफर

**राजमहल।** शहर के सूर्य देव घाट में सोमवार को अनियंत्रित होकर टोटो पलटने से उसमें बैठे पति-पत्नी बुरी तरह से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार बोरियो के रामधन शील उम्र 35 उनकी पत्नी प्रतिमा देवी उम्र 32 छठ पूजा को लेकर गंगा स्नान के लिए राजमहल आई थी। गंगा स्नान के बाद वापस टोटो में बैठकर अपने घर जा रहे थे। इस दौरान टोटो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें पति-पत्नी बुरी तरह घायल हो गये। जिसे आसपास के लोगों ने इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया। दोनों का इलाज किया गया। रामधन शील का हाथ टूट जाने और पत्नी को गंभीर चोट लगने के कारण बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

### जवाहर भगत की दुकान में तीन नाबालिग लड़के चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा

**मंडरो।** महादेवरण पंचायत के स्टेशन चौक के पास रविवार की रात को जवाहर भगत की दुकान में तीन नाबालिग लड़के चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया। रात में दुकान सह मकान मालिक जवाहर भगत ने तीनों नाबालिग को पुलिस को सौंप दिया। तीनों लड़के पास के गांव के है। पिछले दिनों भी नयाटोला व महादेवरण सहित अन्य जगहों पर आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर चोरी की घटना हुई थी। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### धोबी झरना में चोरों ने एक घर में चोरी कर ली

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबी झरना में रविवार की रात चोरों ने एक घर में चोरी कर ली। पीड़ित मकान मालिक दीपक गुप्ता ने थाना में आवेदन देकर बताया कि रविवार की रात 7 बजे पूरे परिवार के साथ विसर्जन जुलूस देखने फाटक पर गए थे। रात 9:30 बजे जब वापस आया तो देखा कि घर के गेट का ताला टूटा हुआ है। कमरे में गोदरेज का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने गोदरेज का लॉकर तोड़ कर पत्नी के सोने का 10 ग्राम का झुमका, 5 ग्राम सोने की अंगूठी, 10 ग्राम सोने का मंगलसूत्र, 15 ग्राम सोने का चेन, 7 भर चांदी का पायल सहित लगभग 3 लाख 60 हजार रुपये के जेवरात व 25 हजार रुपये नक़द की चोरी कर ली। पीड़ित ने उचित कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### भाजपा प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम,ग्मालियल हेंब्रम ने क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

**बरहेट।** भारतीय जनता पार्टी बरहेट विधानसभा प्रत्याशी ग्मालियल हेंब्रम, बोरियो विधानसभा प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम सोमवार को प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया . जनसंपर्क अभियान में बोरियो विधानसभा प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम बरहेट विधानसभा प्रत्याशी ग्मालियल लेंब्रम के समर्थन में इलाके में जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान हाथीगढ,खजूरखाल, पंचकठिया संथाली, रंगा,लोगाई, अन्य इलाकों में घूम घूम कर लोगों से मिले . वही लोबीन हेम्बरम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि युवा को एक बार मौका दे, आपके क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी. समस्या का समाधान होगा. मौके पर मनीष बेसरा, कैलाश शाह, मनोज मुर्मू, के अलावा अन्य एवं लोग मौजूद थे.



## गोमिया विधानसभा के अंतर्गत पेटेरवार प्रखंड के लवगरहा गाँव में जन संपर्क के दौरान मो इसराफिल की विजय की अपील

**दैनिक शुभ भास्कर, ,ब्यूरो चीफ (झारखंड)।** बोकारो के पूर्व विधायक स्वर्गीय इजराइल अंसारी के बड़े पुत्र इसराफिल अंसारी के समर्थक का कहना है गोमिया विधानसभा क्षेत्र में एक नई उम्मीद की किरण जगी है, जहां विकास और समृद्धि की राह पर बढ़ने की बात हो रही है। इजराफिल अंसारी ने कहा इस बार गोमिया के लोगों ने बेहतर शिक्षा, विकास और समृद्धि की दिशा में कदम बढ़ाया है और आपका समर्थन मो इसराफिल को दोगुना जोश से भर देगा। मो इसराफिल की विजय के लिए आपका समर्थन आवश्यक है, जो गोमिया के विकास और समृद्धि के लिए एक नए युग की शुरुआत करेगा। अपने मतों की ताकत का उपयोग करके मो इसराफिल को अलमारी छाप (क्रम संख्या 07) में बटन दबा कर भारी मतों से विजयी बनाएं। अपने समर्थन से मो इसराफिल को गोमिया के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का मौका दें। आइए, मिलकर गोमिया के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करें और मो इसराफिल को अपना समर्थन दें। गोमिया के विकास के लिए मो इसराफिल उर्फ बबनी ने कहा की नेतृत्व में एक नए युग की शुरुआत करें, जो आपके समर्थन से संभव हो सकता है।





## सड़क दुर्घटना में दो घायल, दोनों रेफर




**बोरियो।** थाना क्षेत्र के बोरियो-बोआरीजोर मुख्य पथ के शामपुर रंगा के समीप सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल। मिली जानकारी के अनुसार बोआरीजोर थाना क्षेत्र के जामुझरना निवासी जाकिर अंसारी (45) एवं टंकेश्वर ठाकुर (48) दोनों बोरियो से अपने घर जामुझरना जा रहे थे इसी दौरान शामपुर रंगा के समीप बाईक के आगे अचानक ट्रैक्टर रोकने के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ गया जिससे बाइक चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए। वही पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही घायल दोनों व्यक्ति को एएसआई विराम मरडी सहित अन्य पुलिस बल की सहायता से बोरियो सीएचसी में भर्ती किया गया जहां सीएचसी में मौजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सालखु चंद्र हंसदा के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि टंकेश्वर ठाकुर बीजेपी कार्यकर्ता है और वो बोरियो बीजेपी कार्यालय उद्घाटन में शामिल होने बोरियो आया था घर वापस लौटने के क्रम में उसी गांव के जाकिर अंसारी रास्ते में मिलने उसे बैठा कर घर जा रहे थे तभी रास्ते में दुर्घटना का शिकार हो गया।

## मारपीट मामले में बरहरवा थाना पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार ,भेजा जेल



**बरहरवा।** सोमवार को बरहरवा थाना पुलिस ने मारपीट मामले में एक अभियुक्त को जेल भेजने में सफलता हासिल की है,मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त द्वारा पूर्व में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी,मारपीट में अभियुक्त द्वारा द्वितीय पक्ष को मारपीट कर घायल कर दिया गया था,द्वितीय पक्ष द्वारा मामले को लेकर बरहरवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी,जिसके खिलाफ बरहरवा थाना कांड संख्या 60/24 दर्ज कर बरहरवा थाना पुलिस सिरासिंन निवासी अभियुक्त कादिर शेख को ढूंढ रही थी,रविवार को गुप्त सूचना के आधार बरहरवा थाना प्रभारी थाना अध्यक्ष कुमार गौरव एएसआई जुमराती अंसारी दल बल के साथ सिरसिंन चौक के समीप चाय दुकान के पास से नामजद अभियुक्त कादिर शेख को सफलता पूर्वक गिरफ्तार कर लिया,तत्पश्चात अग्रेषित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त कादिर शेख को सोमवार को न्यायिक हिरसत में जेल भेज दिया है।

## बरहरवा के हरियाली को लगी बन माफिया की नजर

**बरहरवा।** प्रखंड में बरहरवा और पतना की हरियाली को आजकल वन माफिया की नजर लग गई है।यही वजह है कि जहां बरहरवा एवं पतना की पहाड़ियां कुछ साल पहले तक हरे-भरे पेड़ पौधों से अच्छादित रहता था आज वह उजाड़ कर बीरान सी होने लगा है|यह बात और है कि पतना प्रखंड क्षेत्र में पेड़ पौधों एवं जंगली जड़ी बूटियां से भारी पड़े पहाड़ियों को खनन विभाग के ओर से लिज दिए जाने के कारण जहां यहां वनों की अस्तित्व खतरे में पड़ गया है|वही पतना बरहरवा के पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के लकड़ी तस्कर एवं वन माफिया आजकल बड़हरवा तथा पतना के पहाड़ियों से लकड़ी चुराकर दिन दूनी और रात चौगुनी के हिसाब से पैसा कमा रहा है|जानकार बताते हैं कि बरहरवा तथा कोटलपोखर थाना क्षेत्र से महज कुछ ही दूरी पर कई जगहों पर आरामिल संचालित है।सूत्रो से जानकारी प्राप्त हुआ है कि जहां पर रातों-रात वन माफिया वन राक्षियों के मिलीभगत से बरहरवा तथा पतना के पहाड़ियों से शीशम सैगवान तथा शखवा सहित बेश कीमती लड़कियों को काटकर रातो रात जुगाड़ गाड़ी के द्वारा उन मिलो तक पहुंचा दिया जाता है।जहां कुछ लोगों का यह भी कहना है कि इस कार्य में पतना रेंज के कुछ वनरक्षी की मुख्य भूमिका होने की बात भी कहीं जा रही है|कहा तो यह भी जा रहा है कि गुमानी नदी में बाढ़ आने की स्थिति में लकड़ी के बूटा को काटकर नदी में बहा दिया जाता है। जिससे बंगाल क्षेत्र में पानी से उठाकर उसे आराम से आरा मिल तक पहुंचाया दिया जाता है|इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जब पतना रेंज के वनपाल से संपर्क किया गया तो उसने फोन रिसीव नहीं किया जिस कारण से यहां पर उसका पक्ष नहीं रखा जा सका|



## विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**साहिबगंज।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) साहेबगंज ने निम्नलिखित निर्देश सुदुरवर्ती क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों, जरूरतमंदो, विकलांग लोगों को विधिक सहायता की जानकारी प्रदान की गई।उन्होंने भारतीय संविधान के तहत लोगों के अधिकार के बारे में बताया। कहा कि पीएलवी को लोगों को जागरूक कर उनके अधिकार को दिलाना है। सभी पीएलवी को ईमानदारी से अपने काम को करने को कहा।उन्होंने कहा कि गरीबों को राशन कार्ड, जॉब कार्ड बनवाने व वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन दिलाने में लोगों को मदद करें । उन्होंने डालसा के तत्वाधान में लीगल एड डिफेंस कांउसिल (न्याय रक्षक) के टीम के द्वारा मंडल कारा में बंदियों के अधिकार के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि वैसे सजावार बंदियों कों चिन्हित किया जाता है जिनका अपील अभी तक दायर नहीं किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 479 के परिपेक्ष में मोनिटरिंग कैम्प चलाया गया एवं सम्बन्धित बंदियों को नियमितरूप से विधिक सहायता पहुंचाई जाती है। संबंधित थाना में पीएलभी के माध्यम से विधिक सहायता पहुंचाई जा रही है साथ ही समीपवर्ती लीगल एड क्लीनिक की जानकारी भी दी जा रही है विधिक सहायता के इच्छुक व्यक्ति अपने आवेदन संबंधित लीगल एड क्लिनिक, प्राधिकार के कार्यालय और माननीय नालसा के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं या । नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 पर फोन कर भी विधिक सहायता ली जा सकती है |

## समीक्षात्मक बैठक के दौरान शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश सदर प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर महमूद आलम ने दिए



**साहिबगंज।** सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साहिबगंज के सभागार मे सदर प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर महमूद आलम के अध्यक्षता मे सदर प्रखंड के सभी सीएचओ सहिया, स्वास्थ्य कर्मी एवं बीटीटी,एमपीडब्लू, के साथ समीक्षा बैठक की। वहीं सदर प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर महमूद आलम ने मौजूद सभी सीएचओ, सहियाओ को विभिन्न कार्यक्रमो से सम्बंधित उनके द्वारा किए गए कार्यों को बारी- बारी से समीक्षा की गई एवं वही उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए, साथ साथ के सभी को आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड,एनसी,एमआर, परिवार नियोजन, आयरन गोली वितरण, संस्थागत प्रसव, ममता वाहन मलेरिया, कालाज़ार आदि के बारे मे बिस्तारपूर्वक जानकारी लेने के बाद सभी कार्यक्रमो मे शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का भी निर्देश दिए।आगामी विधानसभा चुनाव एवं छठ पूजा को लेकर सभी स्वास्थ कर्मियों को दल कठित करते हुए स्वास्थ से संबंधित आवश्यक जीवन रक्षक दवा के साथ ड्यूटी करने के लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया।कायाकल्प ओर लक्ष्य एनबीएसयू एव एमटीसी, के बारे में जानकारी दी गई।इस मौके पर सदर प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर महमूद आलम,डॉक्टर राजेश कुमार साह,डॉक्टर अखिलेश कुमार महतो,डॉक्टर पीतांबर कुमार साह,डॉक्टर अमित कुमार,बीपीएम मनोज यादव,यूनी सैफ,डब्लूएचओ, स्टोर सीसीएच नासिर हुसैन,बीडीएम शादाब अनवर,क्लर्क मनोज झा, सीएचओ स्वीटी स्नेहा मुर्मू, स्नेहलता मुर्मू, एएनएम शबनम कुमारी,ऑलिव नीरा मरांडी,नरगिश परवीन,मीना सिंह,सरिता कुमारी,प्रीति कुमारी,खुशबू कुमारी,सोनी कुमारी, ज्ञान शिखा,नेत्र सहायक ललिता मुर्मू,एमपीडब्लू एनामुल हक, राशिद अहमद, बीटीटी संजू सोरेन,शहरी कपिल देव,सेवक नरेश पंडित,ओर अन्य स्वास्थ कर्मी मौजूद थे।

## 18 नवंबर की शाम 5 बजे से 20 नवंबर तक ड्राई डे

- देशी व विदेशी शराब के वितरण व परिवेषण पर रोक
- डीईओ सह डीसी ने जारी किया आदेश

**साहिबगंज।** विधानसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण कराने को लेकर रविवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने आदेश जारी कर 18 नवंबर की शाम 5 बजे से 20 नवंबर तक ड्राई डे घोषित किया है। ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135(ग) में निहित आदेश आलोक में उत्पाद अधिनियम की धारा 26 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए ज़िला भर में 18 नवंबर की संध्या 5 बजे से 20 नवंबर की मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित करते हुए देशी व विदेशी शराब के वितरण व परिवेषण पर रोक लगाते हुए सभी शराब दुकानों, रेस्तरां, बार व अन्य संबंधित प्रतिष्ठान को बंद रखने का आदेश दिया है। उक्त अवधि में ज़िला के किसी भी होटल, भोजनालय, पाकशाला, मधुशाला अथवा किसी दुकान या निजी अथवा सार्वजनिक स्थान में कोई भी स्प्रिट युक्त लिक्विड या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का मादक पादार्थ ना तो विक्रय किया जाएगा और ना ही वितरित किया जाएगा। उक्त अवधि में संबंधित लाइसेंसी फर्म या व्यक्ति के मादक पादार्थ के भंडारण की सीमा में भी उत्पाद नियमों के अधीन कटौती की जाएगी। आदेश की अवहेलना के दोषी को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135(ग) एवं उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत दंडित करने की कार्रवाई की जाएगी।

### मनसिंघा गांव में एक बच्ची करंट लगने से घायल हो गई

**साहिबगंज।** राजमहल प्रखंड क्षेत्र के मनसिंघा गांव में एक बच्ची करंट लगने से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार जुबेर शेख की उम्र 15 पुत्री सुल्तान खातून घर में कुछ काम कर रही थी। इसी दौरान वहां बिजली का तार भी था किसी तरह उसके चपेट में आ गई और करंट लगने से बुरी तरह घायल हो गई। जिसे परिजनों की मदद से आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया।




### थाना प्रभारी ने छठ घाट का लिया जायजा

**बरहेट।** प्रखंड क्षेत्र के गुमानी नदी किनारे स्थित छठ घाट का सोमवार को थाना प्रभारी पवन कुमार ने जायजा लिया. इस दौरान छठ पूजा समिति बरहेट सदस्यों से बातचीत की. छठ महापर्व को लेकर व्यवस्था की जानकारी ली . वही थाना प्रभारी पवन कुमार ने छठ पूजा समिति को चुनाव को लेकर विधि व्यवस्था शांतिपूर्ण रूप से छठ पूजा मनाने की अपील की . वही बढ़ चढ़कर सहयोग करने का भी कहा. नदी में ब्रैकेटिंग लगाकर श्रद्धालु स्नान करें ताकि लोक सुरक्षित होकर जलार्पण कर सके.मौके पर छठ पूजा समिति सदस्य निरंजन भगत रूपक शाह पप्पू भगत वरुण जायसवाल के अलावा अन्य मौजूद थे.



### फुटानी मोड चेक नाका में चला वाहन चेकिंग अभियान

**बरहरवा।** विधानसभा चुनाव को लेकर दिन प्रतिदिन वाहन चेकिंग अभियान जोर पकड़ता जा रहा है।इसी कडी में सोमवार को फुटानी मोड चेक नाका पर प्रति नियुक्त दंडाधिकारी अब्दुल्लाह शेख तथा जैप के जवानों की मौजूदगी में तकरीबन 100 से भी अधिक छोटे बड़े वाहनों की जांच की गई|सूत्रों ने बताया कि जांच के दौरान किसी प्रकार की कोई आपत्तिजनक सामग्री हाथ नहीं लगी है।वाहन चेकिंग में आई तेजी से बगैर नंबर प्लेट तथा बगैर कागजात के वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।



### डीटीओ ने ईंटा लदा ट्रक को किया जब्त



**बोरियों।** थाना क्षेत्र के तीनमुहानी चौक पर अहले सुबह डीटीओ ने छापेमारी कर ईंट लोड ट्रक जब्त किया। ट्रक संख्या WB59D0124 बंगाल से ईंट लेकर बोरियो आ रहे थे जहां कागजात में कमी होने पर डीटीओ के द्वारा ट्रक को जब्त करते हुए बोरियों थाना को सुपुर्द कर दिया गया।

## निशात आलम से उसके आवास पर पहली बार मिली सैकड़ो महिलाएं



**बरहरवा।** बरहरवा प्रखंड अंतर्गत इस्लामपुर गांव स्थित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की पत्नी निशात आलम के साथ श्रीकुंड तथा उसके आसपास के गांव के सैकड़ो महिलाओं ने सोमवार को मुलाकात कर उसका हौसला बढ़ाया श्रीकुड की महिला फूलों बाती सरदार प्रमिला देवी आलोक पुरी राजेश्वरी देवी लक्ष्मी देवी आदि ने श्रीमती निशांत आलम के समक्ष अपने-अपने गांव घरों की समस्याओं को रखा सभी महिलाओं की समस्याओं को सुनने के बाद श्रीमती आलम ने बताया कि हमने पिछले सरकार में भी आप लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठने के लिए युद्ध स्तर पर व्यापक काम किए हैं|और यदि आगे हमारी मोहब्बत की गठबंधन की सरकार फिर से सत्ता में आएगी तो आप लोगों को मैया सम्मान योजना के तहत पच्चीस सौ रूपए प्रति महीना मिलेगी इसके अलावा फूलों झानु योजना, बिरसा ग्रामीण आवास योजना, के अलावे सावित्रीबाई योजना, आदि का भी लाभ मुहैया कराया जाएगा|अंत में श्रीमती आलम ने सभी महिलाओं से अपील करते हुए बताया कि आने वाले 20 नवंबर को आप सभी महिलाएं एकजुटता के साथ कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ छाप पर हमें वोट दें हम आपके बकाया कामों को अवश्य पूरा करेंगे|बताया जाता है कि मंगलवार को श्रीमती निशांत अलम बरहरवा प्रखंड के पूर्वोत्तर इलाके के गांव का दौरा कर महिला एवं जनमानस का आशीर्वाद लेंगे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली, चित्रांकन एवं स्लोगन लेखन का आयोजन



**साहिबगंज।** सोमवार को विधानसभा चुनाव- 2024 के परिप्रेक्ष्य स्वच्छ गंगा उत्सव स्थानीय ओझा टोली घाट,साहेबगंज में रंगोली, चित्रांकन एवं स्लोगन लेखन का आयोजन स्वीप कोषांग साहिबगंज की ओर किया गया। जिला के विभिन्न स्कूलों , मॉडल कॉलेज राजमहल साहिबगंज के युवा कलाकारों ने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया।अपने कलात्मक सृजन से चित्रांकन , रंगोली और स्लोगन लेखन से चुनाव आयोग के द्वारा प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक 03 बरहेट (अ०ज०जा०) मजीद खलील अहमद डाबू, व्यय प्रेक्षक आनंदी दीक्षित ने सभी बाल एवं युवा कलाकारों के कला की प्रशंसा की। साथ ही छात्राओं से अपने माता-पिता परिवार को मतदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।सामान्य प्रेक्षक ने गंगा किनारे डॉल्फिन एवं गंगा के बारे में विस्तार से जानकारी लिया। गंगा घाट को स्वच्छ, प्लास्टिक, पॉलिथिन, थर्मोकोल मुक्त , डस्टबिन और गंगा जल को निर्मल के लिए अपने विचार रखें। सामान्य प्रेक्षक ने सभी को मतदाता शपथ दिलाया।स्वच्छ एवं निष्पक्ष नैतिक मतदान के लिए सभी को प्रेरित किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा , डॉ0 रणजीत कुमार सिंह, अमृत प्रकाश, कलाकार, स्वीप कोषांग सभी कर्मी उपस्थित थे।

# हैरिस हों या ट्रंप...भारत-अमेरिका संबंध होते रहेंगे सशक्त



आर.के. सिन्हा

अमेरिका में कल यानी पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होने जा रहा है। इसको लेकर सारी दुनिया के साथ भारत में भी गहरी दिलचस्पी ली जा रही है। हालांकि यह बात तो शीशे की तरह साफ है कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहे भारतीय मूल की कमला हैरिस बने या डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास है, लेकिन 21वीं सदी में इन संबंधों ने एक नया आयाम ग्रहण किया है। आज यह दो लोकतांत्रिक महाशक्तियां एक-दूसरे के महत्वपूर्ण भागीदार हैं, जो वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति में साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालांकि, 1960 और 1970 के दशक में भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिला। 1990 के दशक में शीत युद्ध के खत्म होने और वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय शुरू किया। दोनों देशों ने एक-दूसरे के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया। आज, भारत-अमेरिका संबंध विभिन्न क्षेत्रों में गहरे और मजबूत हैं। भारत अमेरिका के लिए एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निवेशक है। दोनों देश एक दूसरे के बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा दिया है। भारत और अमेरिका एक दूसरे के साथ तकनीकी क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं। भारत में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकास की गति तेज है और अमेरिकी कंपनियां भारत के बाजार में निवेश करने में रुचि रखती हैं। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी मजबूत संबंध हैं। कई भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं और अमेरिका में भारतीय संस्कृति की उपस्थिति बढ़ रही है। हालांकि भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगति हुई है, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में कुछ असंतुलन है, जिसके कारण कुछ तनाव भी देखने को मिलता रहता है। भारत-अमेरिका संबंधों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी खासी अहम रही है। अमेरिका में बसे भारतीयों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि से दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण किया है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान अविश्वसनीय है। वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, वित्त और उद्यमिता शामिल हैं। सिलिकॉन वैली में भारतीय मूल के उद्यमी और कार्यकर्ता प्रौद्योगिकी क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी व्यापारियों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे भारतीय फिल्मों, संगीत, कला और साहित्य को लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय समुदाय अमेरिका के सामाजिक और सांस्कृतिक तानेबाने में योगदान दे रहा है, बहुसांस्कृतिक समाज को मजबूत कर रहा है। बेशक, प्रवासी भारतीयों ने भारत और अमेरिका के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण किया है। वे दोनों देशों की भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को समझते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। वे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं। हालांकि यह भी सच है कि प्रवासी भारतीयों को भी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें सांस्कृतिक अलगाव, भेदभाव और नस्लीय पूर्वाग्रह शामिल हैं।



हालांकि, प्रवासी भारतीयों की मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि ने उन्हें अमेरिका में सफलता हासिल करने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में सफल बनाया है। भविष्य में, प्रवासी भारतीयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी, क्योंकि वे दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और राजनीति के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। प्रवासी भारतीयों का भारत-अमेरिका संबंधों पर एक बहुआयामी और सकारात्मक प्रभाव है। वे दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण करते हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलती है। प्रवासी भारतीयों की भूमिका भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस बीच, अमेरिका में बसे भारतीयों की बात करते हुए हमें भारत में बस गए अमेरिकी नृत्यांगना शेरोन लोवेन की भी चर्चा कर लेना चाहिए। शेरोन लोवेन मूल रूप से अमेरिकी हैं और वो बीते पचास सालों से भी कुछ अधिक समय से भारत की हो गई हैं। शेरोन लोवेन भारत की चोटी की ओड़िसी की नृत्यांगना हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन ओड़िसी नृत्य सीखने और सिखाने में समर्पित कर दिया है। उन्होंने भारत और भारत से बाहर सैकड़ों कार्यक्रमों में अपने चमत्कारी नृत्य से दर्शकों का भरपूर प्यार पाया है। वो जन्म से यहूदी हैं। पर वो बुद्ध और सनातन परंपरा को गहराई से जानती हैं और उसका गहन अध्ययन भी करती हैं। शेरोन लोवेन से अब अमेरिका बहुत दूर छूट चुका है। वह भारतीय हो गई हैं। शेरोन लोवेन 1975 में मिशिगन विश्वविद्यालय से मानविकी, ललित कला, एशियाई अध्ययन और नृत्य में बीए और एमए करने के बाद दिल्ली में मणिपुरी नृत्य को सीखने के लिए भारत आईं थीं। उन्हें यहां गुरु केलुचरण महापात्रा के रूप में पहला गुरु मिला। तो कह सकते हैं कि भारत-अमेरिका संबंधों को सशक्त करने में शेरोन लोवेन जैसी विभूतियों का योगदान भी कोई कम नहीं रहा है।

## टीबी की वापसी क्यों?

टीबी के मामले तेजी से बढ़े हैं। चौंकाने वाली बात है कि जब हमारे पास टीबी को रोकने, पहचानने और इलाज करने के साधन मौजूद हैं, तो भी इसके कारण इतनी ज्यादा मौतें हो रही हैं और लोग इसके शिकार बन रहे हैं। परिस्थितियां अनुकूल हैं, लेकिन नतीजा उलटा हो रहा है। यह कहानी कभी घातक बीमारी रह चुके ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की- ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट 2024- के मुताबिक 2023 में 82 लाख लोग टीबी से संक्रमित हुए, जो 1995 में निगरानी शुरू होने के बाद की सबसे बड़ी संख्या है। यह आंकड़ा 2022 में सामने आए 75 लाख नए मामलों से काफी अधिक है। इनके अलावा बड़ी संख्या की ऐसे लोगों के मौजूद होने का अनुमान है, जिनमें इस रोग का निदान नहीं हो पाया। अब डब्लूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम गेब्रियासुस की इस टिप्पणी पर गौर कीजिए- चौंकाने वाली बात है कि जब हमारे पास टीबी को रोकने, पहचानने और इलाज करने के साधन मौजूद हैं, तो भी इसके कारण इतनी ज्यादा मौतें हो रही हैं और लोग इसके शिकार बन रहे हैं। डब्लूएचओ ने अपनी रिपोर्ट जिक्र किया है कि दवा-प्रतिरोधी टीबी (एमडीआर/आरआर-टीबी) के मामलों में भी सुधार हुआ है। टीबी के सामान्य मामलों में इलाज की सफलता दर 88 फीसदी है, जबकि एमडीआर/आरआर-टीबी के मामलों में यह 68 फीसदी तक पहुंच गई है। फिर भी टीबी के मामले बढ़ रहे हैं। टीबी की वापसी से सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में भारत प्रमुख है। भारत सहित मध्यम आय वाले ज्यादातर देशों में यह स्थिति स्वास्थ्य के निरोधक (प्रीवेंटिव) पहलू पर जोर घटने के कारण पैदा हुई है। हर सेवा के निजीकरण के दौर में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता नहीं रह गया है।डब्लूएचओ के मुताबिक लगभग 50 फीसदी मरीजों को इलाज के दौरान विनाशकारी खर्च का सामना करना पड़ता है। इसका अर्थ है कि उनका इलाज खर्च उनकी आय का 20 फीसदी से ज्यादा होता है। स्वाभाविक है कि रिपोर्ट में टीबी संबंधी सेवाओं के लिए फंडिंग की कमी का खास उल्लेख किया गया है। 2023 में संयुक्त राष्ट्र की उच्चस्तरीय बैठक में कहा गया था कि 2027 तक टीबी सेवाओं के लिए हर साल 22 बिलियन डॉलर जुटाए जाने चाहिए। 2023 में केवल 5.7 बिलियन डॉलर की फंडिंग उपलब्ध थी- यानी कुल जरूरत का सिर्फ 26 फीसदी। ऐसे में टीबी की वापसी कोई हैरत की बात नहीं है।

## परिसीमन का क्या पैमाना होगा?

केंद्र सरकार ने जनगणना की अधिसूचना जारी नहीं की है, लेकिन एक, जनवरी 2025 से प्रशासनिक सीमाएं सील हो जाएंगी और उससे पहले भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण का कार्यकाल अगस्त 2026 तक बढ़ा दिया गया है, जिससे यह संकेत मिल रहा है कि अगले साल जनगणना होगी। उसके अगले साल यानी 2026 में लोकसभा सीटों का परिसीमन होगा और फिर इसी आधार पर 2029 में साथ होने वाले चुनाव में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। इस बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने एक सामाजिक कार्यक्रम में, जहां 16 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया जाना था, वहां कहा कि 'जब हम ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं, जहां संसद में सीटों की संख्या कम होने वाली है तो हमें छोटा परिवार क्यों रखना चाहिए? इसके आगे उन्होंने नवविवाहित जोड़ों से ज्यादा बच्चे पैदा करने और उन्हें सुंदर तमिल नाम देने का आग्रह किया। हालांकि उन्होंने संसद में सीटों की संख्या कम होने के बारे में विस्तार से कुछ नहीं कहा लेकिन उनका इशारा परिसीमन के बाद की स्थितियों की ओर था। उनसे पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने भी लोगों से ज्यादा बच्चे पैदा करने का आग्रह किया था। हालांकि उनका घोषित सरोकार यह था कि दक्षिण के राज्यों में आबादी बूढ़ी हो रही है और कामकाजी युवाओं की संख्या कम हो रही है। परंतु कहीं न कहीं वे भी इस बात से चिंतित हैं कि अगर आबादी के आधार पर लोकसभा सीटों का परिसीमन हुआ तो दक्षिण के राज्यों की राजनीतिक हैसियत घटेगी। तभी यह बड़ा सवाल है कि लोकसभा सीटों के परिसीमन का आधार क्या होगा? क्या सीधे तौर पर जनसंख्या के हिसाब से सीटों की संख्या में बढ़ोतरी कर दी जाएगी? अगर ऐसा हुआ तो उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र जैसे बड़ी आबादी वाले राज्यों को फायदा होगा और दक्षिण भारत के राज्य घाटे में रहेंगे। तभी चंद्रबाबू नायडू और एमके स्टालिन की चिंता सामाजिक या आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक दिखती है। यह चिंता क्षेत्रीय वर्चस्व और फिर अस्मिता की राजनीति में भी बदल सकती है, जिससे एक बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। इसलिए सरकार को परिसीमन के फॉर्मूले के बारे में तर्कसंगत तरीके से विचार करना होगा और उस पर सभी दलों व राज्यों की सहमति अनिवार्य रूप से लेनी होगी। ध्यान रहे लोकसभा सीटों का परिसीमन जम्मू कश्मीर की तरह नहीं होगा, जहां मनमाने तरीके से भौगोलिक सीमाओं का ध्यान रखे बगैर इस तरह से विधानसभा सीटों का सीमांकन हुआ कि जम्मू क्षेत्र में छह सीट बढ़ गई और कश्मीर घाटी में सिर्फ एक सीट बढ़ी। आजादी के बाद से मोटे तौर पर आबादी के आधार पर ही लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या तय होती रही है। तभी उत्तर प्रदेश में 80 सीटें हैं और तमिलनाडु में 39 हैं। लेकिन आजादी के बाद राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण के उपायों को अलग अलग तरीके से लागू किया। आर्थिक रूप से विकसित राज्यों ने बेहतर ढंग से जनसंख्या नियंत्रण का किया तो उनके यहां जनसंख्या वृद्धि की दर राष्ट्रीय औसत से काफी नीचे आ गई। दक्षिण के राज्यों में तो जनसंख्या बढऩे की दर रिप्लसमेंट रेट से भी कम है। रिप्लेसमेंट रेट 2.1 है। इसका मतलब होता है कि अगर दो लोग मिल कर 2.1 बच्चे पैदा करते हैं तो जनसंख्या नहीं बढ़ेगी वह स्थिर हो जाएगी। दक्षिण के राज्यों में जनसंख्या बढऩे की दर 1.6 फीसदी है, जो रिप्लेसमेंट रेट से काफी कम है, जबकि उत्तर के राज्यों खास कर बिहार और उत्तर प्रदेश में वृद्धि दर रिप्लेसमेंट रेट से ज्यादा है। ऐतिहासिक रूप से यह स्थिति रही है तभी दक्षिण के राज्यों में आबादी नियंत्रित हो गई और उत्तर भारत के राज्यों में बढ़ती चली गई। हालांकि अब वहां भी रफ्तार धीमी हो रही है लेकिन उन राज्यों की जनसंख्या बहुत ज्यादा है। अगर इस आधार पर उनकी लोकसभा सीटें बढ़ती हैं तो यह उन राज्यों के साथ अन्याय होगा, जिन्होंने अपने यहां आबादी का बढऩा रोका। उन्होंने अच्छा काम किया इसके लिए उनको सजा नहीं दी जानी चाहिए। अगर सरकार पारंपरिक रूप से आबादी को आधार बनाती है और औसतन 20 लाख की आबादी पर एक सीट का फॉर्मूला तय होता है तो दक्षिण के ज्यादातर राज्यों में सीटों में कोई बदलाव नहीं होगा, जबकि उत्तर प्रदेश में सीटों की संख्या 80 से बढ़ कर 120 हो जाएगी।

# आंखों के आगे इतिहास!

हरिशंकर व्यास

हां, आंखों देखा इतिहास! ऐतिहासिक मोड़ पर है मौजूदा सिरमौर सभ्यता अमेरिका। वह इस सप्ताह अपने हाथों अपनी सभ्यता का इतिहास बनाएगी। अमेरिकी मतदाता तय करेंगे कि वे अपने सभ्यतागत मूल्यों और सांचे की निरंतरता में कमला हैरिस को जिताते हैं या वैयक्तिक तानाशाही जिद्द वाले डोनाल्ड़ ट्रंप को जिताते हैं। डोनाल्ड ट्रंप का अर्थ अमेरिका में विभाजन, संस्थाओं के पतन की गारंटी है। और जब कोई सभ्यता घर में विभाजित होती है तो उसकी ताकत, एकता, बुद्धि सब धरी रह जाती है। दो खेमों में विभाजित देश फिर धर्म, नस्ल, धन और अहंकार की आपसी लड़ाई का अखाड़ा होता है। ज्योंहि ऐसा हुआ त्योंहि सभ्यता को खत्म करने की ताक में बैठी बर्बर नस्ल और धर्म के लिए मौका खुलता है। आज इस मौके की ताक में चीन है तो पुतिन और इस्लाम भी है। इन तीनों के इरादे आंखों के आगे लाइव उपस्थित हैं। सोचें, जिस अमेरिका ने इस सदी के आरंभ में, 9/11 के बाद आतंकवाद (इस्लाम) के खिलाफ वैश्विक जंग का हुंकारा मारा था, वह भटका हुआ है और उसकी जगह वह इजराइल इस्लाम को ठोक रहा है, जिसके नेता नेतन्याहू बिना इस समझ के क्रूरता दर्शा रहे हैं कि वे बंधकों को छुड़वा रहे हैं, बदला ले रहे हैं, देश को सुरक्षित बना रहे हैं या क्रूसेड है? मेरा मानना है इजराइल का ठोकना इस्लाम को और जिद्दी बनाना है? इसके नतीजे उलटे और उग्र होंगे। उस नाते यहूदियों और ईसाईयों दोनों की नासमझी है जो वे अपने जिद्दी भाई (अब्राहम की संतान, इस्लाम) को अपने मूल धर्म में लौटाने, उनकी घर वापसी की नहीं सोचते, बल्कि ठोक-ठोक कर तीसरे महायुद्ध, सभ्यतागत संघर्ष का पानीपत मैदान बना दे रहे हैं। इस्लाम की लाइव ठुकाई के फोटो इस्लाम को सुलगाने वाले हैं। निश्चित ही अतीत में इस्लाम की क्रूर तलवार और क्रूसेड़ के दृश्य आज के मुकाबले बेइंतहा खौफनाक थे। मगर पहले और दूसरे महायुद्ध के क्रम में यदि तीसरे महायुद्ध का सिनेरियो बन रहा है तो वह इस कारण पूरी पृथ्वी के लिए घातक होना है क्योंकि अब परमाणु हथियारों के जखीरे की वास्तविकता भी है। इसलिए यहूदी बनाम मुसलमान, ईसाई बनाम इस्लाम, इजराइल बनाम ईरान, अमेरिका बनाम चीन, यूक्रेन बनाम रूस, उत्तर कोरिया बनाम दक्षिण कोरिया आदि की हकीकत का कुल सार आमने सामने की सीधी लड़ाई के पाले बनना है। हर पक्ष की जिद्द खूंखार होती हुई है। एक तरफ अमेरिका, पश्चिमी सभ्यता तथा ईसाई और यहूदी हैं तो दूसरी और चीन है। फिर इस्लाम (जो इजराइल की ठुकाई से चीन-रूस से जुड़ता हुआ है) है। चीनी नेता बोलते नहीं हैं। न राष्ट्रपति माओ, देंग शियाओ पिंग भड़भडिय़ा नेता थे और न शी जिनफिंग हैं। ये चीनी नेता अतीत के अपने गौरव हान सभ्यता की वैश्विक पताका में चीन की श्रीवृद्धि के राष्ट्रवादी हैं। इनके लिए याकि मौजूदा चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की ठोस पूंजी (रूसियों की तरह) क्रूर, कठोर, परिश्रमी चाइनीज जनता है। जिसका कभी भी लोकतंत्र, मानवीय मूल्यों, स्वतंत्रता से सरोकार नहीं रहा है। तभी माओ की क्रांति हो या देंग और शी जिनफिंग के वैश्विक कारखाने, अमीरतम बनने का मिशन, सभी में नेतृत्व, पार्टी और जनता ने एकनिष्ठता से काम किया है। उसके लिए असुरी महाशक्ति बनना मुश्किल नहीं था। इसका लक्ष्य अब अमेरिका व पश्चिम सभ्यता की जगह अपने झंडे, अपनी व्यवस्थाओं में दुनिया को चलाना है। राष्ट्रपति शी जिनफिंग और उनके रणनीतिकारों ने चुपचाप बिसात बिछा दी है। चीन का लक्ष्य अमेरिका की जगह लेना है। एशिया का अधिपति होना है। चीन के लिए भारत, जापान, दक्षिण एशिया, ताइवान, आसियान देशों का जीरो अर्थ है। इसलिए क्योंकि ज्योंहि अमेरिका का पतन हुआ, दुनिया की उसकी चौधराहट छूटी या उसने छोड़ी तो पलक झपकते ये तमाम छोड़े बड़े देश चीन की कॉलोनी होंगे। यों भी दक्षिण या तीसरी दुनिया के ये देश आर्थिक तौर पर चीन से बंधे, उस पर आश्रित हैं। उधर परोक्ष तौर पर चीन ने रूस या पाकिस्तान के मार्फत मध्य एशिया के सभी इस्लामी देशों के अलावा अफगानिस्तान के तालिबान, ईरान और उन सब मुस्लिम देशों का विश्वास जीत लिया है जो इजराइल के हाथों घायल हैं। अपनी इस ग्रैंड योजना, वैश्विक बिसात में चीन किस शातिरता से फैसले करते हुए है इसका प्रमाण ब्रिक्स की हालिया शिखर बैठक थी। राष्ट्रपति शी जिनफिंग और पुतिन ने बैठक में तुर्की के उन राष्ट्रपति एर्दोआन को बुलाया जो उइगर मुसलमानों के उत्पीडऩ के हवाले चीन के खिलाफ बोलते थे। एर्दोआन को शी और पुतिन ने पटा लिया है। वे इनसे वैसे ही संतुष्ट हैं, जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत में यह हल्ला बनवाते हुए हैं कि कितनी बड़ी कूटनीतिक जीत हुई जो चीन ने लद्दाख में अपनी सेना पीछे की। भारत भी चीन के साथ बहुपक्षीय विश्व बनाने की और बढ़ता हुआ है। अर्थात भारत और चीन भाई भाई तथा अमेरिका, पश्चिमी सभ्यता की दादागिरी के खिलाफ विश्व राजनीति में हिंदू राष्ट्र की भी एक अलग स्वतंत्र ढपली व विश्व व्यवस्था। और हम दक्षिण ब्लॉक, गुटनिरपेक्ष जमाने के देशों और परंपरागत मित्र रूस तथा चीन के हमराही हैं! बहरहाल, लाइव इतिहास फिलहाल अमेरिका बनाम चीन तथा यहूदी बनाम इस्लाम की जोर आजमाइश व परिवर्तनों का है। इसका एक अनहोना फोटो चीन और रूस द्वारा ठेठ यूरोप की सीमा पर बर्बर उत्तर कोरियाई सैनिकों को पहुंचा देना है। कल्पना करें डोनाल्ड ट्रंप जीते और उन्होंने यूक्रेन की मदद रोक कर रूस से समझौते का दबाव बनाया तो पुतिन के हौसले कितने बुलंद होंगे? रूसी-उत्तरी कोरियाई सेना के तब जश्न के फोटो यूरोपीय संघ पर कैसा प्रभाव बनाएंगे? ईरान के हौसले बुलंद होंगे या कम होंगे? हालांकि डोनाल्ड ट्रंप को ईरान विरोधी तथा नेतन्याहू परस्त माना जाता है लेकिन व्यक्तिवादी नेता ने यदि खुमैनी के घर जा कर पकौड़े खाने तथा अपने को अमनपरस्त बनाने की ठानी तो उसके गिरगिटी व्यवहार में रंग तो बदलते ही रहेंगे। असल बात डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से विभाजित अमेरिका, विभाजित पश्चिमी बिरादरी की है। इसके सिनेरियो में चीन के लिए स्वर्णिम मौका बनेगा। वह अमेरिका को रिप्लेस कर अपने को नई विश्व व्यवस्था, नई मौद्रिक वित्तीय व्यवस्था का संचालक बनने की और बढ़ेगा। पृथ्वी की धुरी होने के हान सभ्यता के इलहाम को वास्तविकता के पंख लगेंगे। आर्थिक-सैनिक-राजनीतिक ताकत में सिरमौर होने का मौका खुलेगा। सो, आंखों के आगे तीसरे महायुद्ध व सभ्यताओं के संघर्ष की अग्रिम झांकी है वही पृथ्वी के इतिहास का मोड़ भी है। इस सप्ताह स्पेन के वेलेंसिया में आठ घंटे की बारिश का वीडियो दहला देने वाला था। जलवायु परिवर्तन और विनाश की और बढ़ती पृथ्वी की सेहत की वह झांकी थी।

## शब्द पहेली - 8302




### बाएँ से दाएँ

1. ध्वज, पताका-2
4. वहम, संदेह-2
6. दलहन-2
7. खाली, रिक्त-2
9. रसूल, अल्लाह-3
12. अभिनेत्री मुनमुन सेन की पुत्री का सिर्फ नाम-3
14. सिवाय, बगैर-3
16. इराक की राजधानी-4
17. समधी की पत्नी-4
18. पीसना, महीन करना-3
20. उष्ण, गर्म-3
22. उत्तम, विष्णु अवतार-3
24. परत, तह-2
26. खेती-2
27. अधर, होठ-2
28. ताऊ की पत्नी, बड़ी मां-2

### ऊपर से नीचे

1. जल प्रपात-3
2. आईल-2
3. हूर, अप्सरा-2
5. सूक्ति, वाणी, शबद-3
6. पिता के पिता-2
8. स्टार, सितारा-2
10. रोचक, सुंदर, मनोहारी-5
11. शीतलता, मुठभेड़-2
13. सतरंगा, शंकर धनुष-5
14. सिर्फ एक, एकमात्र-3
15. हवस, कामेच्छा-3
19. लाख-2
20. जहर, विष-3
21. आनंदित, मनमौजी-2
22. मुनि, साधू-2
23. अच्छाई, सदशयता-3
25. सुरक्षा-2
26. कीड़ा, कीट-2

### शब्द पहेली -8301 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore




**मेष** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**शुभांक.3.5.7**

**वृष** : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें।

**शुभांक.5.7.9**

**मिथुन** : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**शुभांक.6.7.9**

**कर्क** : किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**शुभांक.4.6.8**

**सिंह** : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग।

**शुभांक.6.8.9**

**कन्या** : शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन.देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन.देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**शुभांक.5.7.9**

**तुला** : लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**शुभांक.5.7.9**

**वृश्चिक** : कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक.3.6.8

**धनु** : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। **शुभांक.2.3.5**

**मकर** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

**शुभांक.2.5.7**

**कुंभ**: विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**शुभांक.3.5.8**

**मीन** : कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**शुभांक.3.5.7**

# अररिया में नेत्र रोगियों के लिए नई स्वास्थ्य पहल, मोतियाबिंद का निःशुल्क इलाज

**अररिया** । जिले में नेत्र रोगियों को समुचित उपचार और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत नेत्र सहायक साप्ताहिक रूप से विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर अपनी सेवाएं देंगे। मुख्य उद्देश्य मोतियाबिंद के संभावित मरीजों की पहचान करना और उन्हें ऑपरेशन के लिए सदर अस्पताल भेजना है। सिविल सर्जन डॉ. केके कश्यप ने संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नेत्र सहायकों को अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों पर सेवाएं प्रदान करने के लिए सुनिश्चित करें। इसके लिए, मोतियाबिंद रोगियों को चिह्नित करने के लिए जरूरी जांचें की जाएंगी। रोगियों को सदर अस्पताल तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

**नेत्र सहायक का कार्यक्रमः**

**अजय कुमार (सदर अस्पताल):**

**प्रथम सप्ताहः** अररिया पीएचसी

**द्वितीय सप्ताहः** रेफरल अस्पताल जोकीहाट

**तृतीय सप्ताहः** पीएचसी पलासी

**चतुर्थ एवं पंचम सप्ताह** : सदर अस्पताल

**श्रुति सम्राट (अनुमंडल अस्पताल फारबिसगंज):**

**प्रथम सप्ताहः** पीएचसी पलासी

**द्वितीय सप्ताहः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरपतगंज

**तृतीय सप्ताहः** रेफरल अस्पताल रानीगंज

**चतुर्थ एवं पंचम सप्ताहः** अनुमंडल अस्पताल फारबिसगंज

**अमरेंद्र कुमार (सीएचसी भरगामा):**

**प्रथम सप्ताहः** सीएचसी भरगामा

**द्वितीय सप्ताहः** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिकटी

**तृतीय सप्ताहः** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्साकांटा

**चतुर्थ एवं पंचम सप्ताहः** सीएचसी भरगामा

**सेवा का उद्देश्यः** डॉ. कश्यप ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र में मोतियाबिंद से ग्रसित रोगियों की पहचान कर उन्हें उचित जांच के लिए प्रेरित करें। इससे अधिक से अधिक रोगियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

**निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था :** जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम संतोष कुमार ने बताया कि यह विशेष पहल



मोतियाबिंद के संभावित मरीजों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा प्रदान करेगी। संबंधित स्वास्थ्य प्रबंधक सदर अस्पताल के साथ समन्वय स्थापित कर रोगियों को अस्पताल भेजने की प्रक्रिया सुनिश्चित करेंगे। इस पहल से नेत्र रोगियों को आवश्यक चिकित्सा सहायता मिल सकेगी, और जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## बिहार के संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए फैक्टनेब ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**पटनाः** बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) ने माननीय मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर शिक्षकों और कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की है। महासंघ ने 2008 में घोषित अनुदान नीति के तहत मिलने वाले अनुदान को कम करने और मंहगाई के मद्देनजर राशि बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि बिहार सरकार ने मानव संसाधन विकास विभाग की संकल्प संख्या 15/एम 1-24/05/1846 द्वारा वित्त रहित शिक्षा नीति को समाप्त करते हुए संबद्धता प्राप्त डिग्री महाविद्यालयों को अनुदान देने का निर्णय लिया था। लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस संकल्प का पालन नहीं किया, जिसके परिणामस्वरूप अनुदान राशि की अधिकतम सीमा डेढ़ करोड़ रुपए निर्धारित की गई है।

**महासंघ ने मांग की है किः**

1. वेतन निर्धारणः 23 अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षकों और सहशिक्षाकर्मियों का वेतन निर्धारित कर प्रतिमाह भुगतान किया जाए।
2. अनुदान राशि का बजटीय उपबंधः एकमुश्त राशि शिक्षाकर्मियों के बैंक खातों में दी जाए।
3. मंहगाई के अनुसार संशोधनः स्नातक प्रथम, द्वितीय और तृतीय खण्ड में उत्तीर्ण छात्रों के लिए अनुदान राशि को बढ़ाया जाए।
4. वेतनमद सहायक अनुदान राशिः परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान राशि की अधिकतम सीमा को समाप्त किया जाए।

महासंघ का कहना है कि अगर इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो शिक्षकों और कर्मचारियों की स्थिति और भी खराब हो सकती है। वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार से सकारात्मक कदम उठाने की अपील कर रहे हैं।

## आठ कार्टन अंग्रेजी शराब के साथ स्कॉर्पियो जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छपरा(बिहार)04 नवम्बर 2024:-** जिले के मशरक थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदेश्वर मोड़ पर उत्पाद थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान आठ कार्टन अंग्रेजी शराब लदे स्कॉर्पियो को जब्त कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार तस्कर यूपी के गोरखपुर जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र निवासी शहीद खां का पुत्र अजीम खां, गोरखपुर कैंट थाना क्षेत्र निवासी श्याम सुंदर दूबे का पुत्र विजय दूबे एवं सत्यप्रकाश मिश्रा के पुत्र आर्यन मिश्रा बताये गये हैं। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि शराब यूपी के देवरिया से मुजफ्फरपुर ले जाया जा रहा था।



## गंगा उत्सव 2024: अररिया में नदी की स्वच्छता का संदेश, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा**। जिला गंगा समिति, अररिया के तत्वावधान में गंगा उत्सव, 2024 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर त्रिसुलिया घाट पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी श्री अनिल कुमार ने स्वच्छता कर्मियों और स्कूली बच्चों के साथ मिलकर गंगा आरती की। इस आयोजन का उद्देश्य नदी की स्वच्छता और इसके महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था।

**दीपोत्सव और रंगोलीः** गंगा आरती से पूर्व दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता कर्मियों और स्कूली बच्चों ने मिलकर हजारों दीप जलाए। इस मौके पर बच्चों ने रंगोली भी बनाई, जिससे घाट का वातावरण और भी खुशनुमा हो गया।

**जिला पदाधिकारी का संबोधनः** जिला पदाधिकारी श्री अनिल कुमार ने उपस्थित लोगों और मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा, "यह कार्यक्रम नदियों को साफ रखने, स्वच्छ रखने और उनके महत्व को समझने के लिए आयोजित किया गया है। इससे हमारा वातावरण स्वच्छ रहेगा। हमें नदियों, तालाबों और अन्य जल स्रोतों को




बचाना है।"

**सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएंः** गंगा उत्सव के दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जो दर्शकों के बीच बहुत पसंद की गईं। इसके अलावा, खेल भवन सह व्यायामशाला अररिया में बैडमिंटन और कबड्डी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्लस टू गर्ल्स हाई स्कूल अररिया में पर्यावरण और जल संरक्षण पर निबंध, भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**अनुपस्थित अधिकारीः** इस भव्य आयोजन के दौरान अनुमंडल प्राधिकारी अररिया श्री अनिकेत कुमार, वरीय उप समाहर्ता श्री संजय कुमार, डॉ. रामबाबू कुमार और सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग अररिया श्री नितेश कुमार पाठक सहित अन्य संबंधित अधिकारी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार, गंगा उत्सव 2024 ने न केवल नदी की स्वच्छता का संदेश फैलाया, बल्कि सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के माध्यम से समुदाय को जोड़ने का भी काम किया।

**जिला पदाधिकारी की उपस्थिति में गंगा आरती, दीपोत्सव और प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन**

## बिहार में भ्रष्ट राजस्व कर्मचारियों पर कार्रवाई की तैयारी, 13 जिलों को निर्देश



**अररिया।** बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भ्रष्ट और अकर्मण्य राजस्व कर्मचारियों एवं अमीन के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। पटना से जारी एक पत्र के माध्यम से विभाग ने 13 जिलों—सहरसा, बांका, शिवहर, गया, अरवल, बक्सर, किशनगंज, सीतामढ़ी, जमुई, नवादा, अररिया, सिवान, और मुजफ्फरपुर—में पिछले 5 वर्षों में तैनात कर्मचारियों के खिलाफ की गई अनुशासनात्मक कार्रवाइयों की जानकारी मांगी थी। दिए गए समय सीमा में संबंधित जिलों द्वारा जानकारी प्रस्तुत न किए जाने पर विभाग ने पुनः अनुरोध किया है। विभाग ने यह भी निर्देश दिया है कि 5 वर्षों से एक ही स्थान पर तैनात कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से दूसरे अंचल में स्थानांतरित किया जाए, जबकि शहरी क्षेत्रों में 2 वर्षों से अधिक समय से तैनात कर्मचारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में भेजा जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष और बीस सूत्री उपाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने इस मुद्दे पर बयान देते हुए कहा कि सरकार सुशासन के प्रति प्रतिबद्ध है और कर्तव्यहीन कर्मचारियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि विभागीय मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने अनुपालन में देरी पर नाराजगी व्यक्त की है और दो दिनों के भीतर आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इस प्रकार, राज्य सरकार ने राजस्व विभाग में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया है, जिससे भ्रष्टाचार को कम करने और कर्मचारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7: क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ धूमधाम से उद्घाटन

◆ **संजीव मिश्रा ने खिलाड़ियों को किया प्रेरित, 200 से अधिक टीमों ने ली भागीदारी**




**पूर्णिया** । पनोरमा ग्रुप द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7 के तहत क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन आज जिला स्कूल खेल मैदान में किया गया। उद्घाटन समारोह में पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए फीता काटा और गुब्बारे छोड़कर इस प्रतियोगिता की शुरुआत की। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य स्वाति वैश्यंत्री ने संजीव मिश्रा का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

**संजीव मिश्रा का संबोधनः** उद्घाटन समारोह में संजीव मिश्रा ने उपस्थित खिलाड़ियों और आयोजन समिति के सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, "पूर्णिया की धरती ने कई बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ियों को जन्म दिया है, जिन्होंने रणजी ट्रॉफी, इंडिया एलीट ग्रुप और भारतीय क्रिकेट टीम में अपनी पहचान बनाई है।" उन्होंने यह भी बताया कि पनोरमा स्पोर्ट्स का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों और टीमों को इस आयोजन में भाग लेने का मौका देना है। इस बार की प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग में कुल 200 से अधिक टीमों ने भाग लिया है।

**प्रतियोगिता का उद्देश्यः** श्री मिश्रा ने बताया कि पनोरमा स्पोर्ट्स का उद्देश्य युवाओं को मैदान से जोड़ना है, ताकि वे मादक पदार्थों और मोबाइल के प्रति अपनी ऊर्जा को नष्ट न करें। आयोजन समिति के सदस्य हरिओम झा ने बताया कि प्रतियोगिता 4 नवंबर से शुरू होकर 23 नवंबर 2024 तक चलेगी, जिसमें रोजाना 7 से 8 मैच आयोजित किए जाएंगे।

**खेल का जुनूनः** पूर्णिया जिला से जुड़े कोशी, सीमांचल और मिथिलाचल क्षेत्रों में क्रिकेट का जुनून युवाओं के सिर पर चढ़कर बोलता है। इसको ध्यान में रखते हुए आयोजन समिति ने सुनिश्चित किया है कि सभी टीमों को पर्याप्त मौके दिए जाएं। यहां तक कि लोक आस्था के महापर्व छठ के दिन भी मैच होंगे, क्योंकि टीमों ने प्रतियोगिता को जारी रखने की इच्छा व्यक्त की है।

**पहले दिन के मैच परिणामः**

**पहले दिन खेले गए मैचों में निम्नलिखित परिणाम रहेः**

1. मरंगा क्रिकेट क्लब ने वल्हल्ला विंग को 4 विकेट से हराया।
2. फायर इलेवन बनमँखी को वाक ओवर मिला।
3. न्यू संट जेवर्यस को भी वाक ओवर मिला।
4. स्टार 11 क्रिकेट क्लब ने बनभाग क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से हराया।
5. एमसीसी सुपौल ने जुराबगंज को 35 रनों से हराया।
6. जेएमकेसीसी ने लक्ष्मीपुर 11 को हराकर अगले राउंड में स्थान बनाया।

**निर्णायक मंडलः** प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में बिहार स्टेट पेनल रेफरी ग्रेड "ए" के अंपायर मो नयर अली, श्री काजल पोद्दार, श्री विमल मुकेश, श्री पिंटू कुमार और हरीश कुमार शामिल रहे।

**लाइव प्रसारण की सुविधाः** इस प्रतियोगिता के मैचों का लाइव प्रसारण पनोरमा स्टार यूट्यूब चैनल और पनोरमा ग्रुप के फेसबुक पेज पर भी किया जाएगा, जिससे खेल प्रेमी घर बैठे मैच देख सकें।

**उपस्थित सदस्यः** इस उद्घाटन समारोह में आयोजन समिति के सदस्य हरिओम झा, मो मंजर मोहसिन, अमृत साजन, मो मासूम, वेदांत, शिवम आदि सक्रिय रहे। कार्यक्रम की उद्घोषणा विकास कुमार ने की, जबकि स्कोरर के रूप में प्रिंस कुमार उपस्थित थे। इस प्रकार, पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7 का उद्घाटन एक उत्सव की तरह मनाया गया, जिसमें खिलाड़ियों में जोश और उत्साह की कोई कमी नहीं थी।

## केएन डिग्री कॉलेज बखरी कुर्साकांटा में स्नातक के विषयों में नामांकन लेने का अंतिम मौका आजः प्रो. त्रिलोक नाथ झा

**पूर्णियाः** केएन डिग्री कॉलेज बखरी कुर्साकांटा में स्नातक के विषयों में नामांकन की प्रक्रिया में आज, 5 नवम्बर, अंतिम दिन है। इस दिन सभी छात्र-छात्राएं जो पहले से ऑनलाइन आवेदन कर चुके हैं लेकिन उनका नामांकन नहीं हो पाया है, उन्हें एक बार फिर से विषय और कॉलेज बदलकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया राजभवन और उच्च शिक्षा विभाग ने केएन डिग्री कॉलेज को मान्यता प्रदान की है, जिसके तहत स्नातक स्तर पर नामांकन लेने का निर्देश दिया गया है। इस संदर्भ में पूर्णिया विश्वविद्यालय ने अधिसूचना जारी की है। यदि छात्रों का नामांकन पिछले आवेदन में नहीं हो सका है, तो वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए आज अंतिम दिन अपने विषय और कॉलेज का चयन कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मेरिट लिस्ट और सीटें ऑनलाइन आवेदन के बाद पूर्णिया विश्वविद्यालय द्वारा मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। मेरिट लिस्ट के आधार पर केएन डिग्री कॉलेज में सायंस, आर्ट्स और कॉमर्स विषयों के लिए कुल 865 सीटों पर नामांकन किया जाएगा। छात्रों के लिए सुझाव कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो त्रिलोक नाथ झा ने सभी छात्रों को इस अंतिम अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया है। यह छात्रों के लिए एक सुनहरा मौका है, क्योंकि इससे उन्हें अपने इच्छित विषय और कॉलेज में प्रवेश पाने का अवसर मिलेगा। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे समय सीमा के भीतर अपने आवेदन को पूरा करें, ताकि वे इस नामांकन प्रक्रिया में भाग ले सकें। यदि किसी भी छात्र को आवेदन प्रक्रिया में कोई कठिनाई होती है, तो वह कॉलेज के प्रशासनिक कार्यालय से संपर्क कर सहायता ले सकते हैं। इस प्रकार, केएन डिग्री कॉलेज बखरी कुर्साकांटा में स्नातक नामांकन के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है, और सभी छात्रों से अपेक्षा की जा रही है कि वे इसका पूरा लाभ उठाएं।



## सांसद ने किया छठ घाट का निरीक्षण, अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

**दैनिक शुभ भास्कर,**
**छपरा(बिहार)04 नवम्बर 2024:-**
लोक आस्था के महापर्व छठ को ले घाटों पर व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए तैयारियां चल रही है। इसी क्रम में सांसद और जल संसाधन संसदीय समिति के अध्यक्ष राजीव प्रताप रुडी ने छपरा के राजेन्द्र सरोवर और अमनौर स्थित अमृत सरोवर के छठ घाटों - का निरीक्षण किया। सांसद ने अमनौर विधायक मंटू सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, पूर्व प्रत्याशी धर्मेन्द सिंह, सत्येन्द्र कुमार, भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह, निरंजन शर्मा, विवेक सिंह, चंदन सोनी, धर्मेंद्र चौहान व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ घाटों पर - नियंत्रण कक्ष की स्थापना, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, गोताखोर, बैरिकेडिंग,शौचालय, पेयजल, आदि कार्यों की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण उपरान्त सांसद ने डीएम अमन समीर,एसपी कुमार आशीष, एसडीओ लक्ष्मण



तिवारी और नगर आयुक्त सुनील पांडेय और अन्य अधिकारियो के साथ बैठक की। इस दौरान सांसद ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को घाटों पर व्रतियों की सुविधा हेतु पूरी निष्ठा एवं सेवा भावना से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया ।

## 5 लाख की समान चोरी



*फेका हुआ सामान*

**दैनिक शुभ भाष्कर।**
**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के भल्लू खैरा गांव में अज्ञात चोरों द्वारा लगभग पांच लाख का सामग्री चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। भल्लू खैरा गांव निवासी देवनंदन यादव के पुत्र विकास कुमार ने बताया कि रविवार की रात हम लोग खाना खाने के बाद सो गए। सुबह लगभग चार बजे उठा तो देखा कि मेरी मां एवं मेरे कमरे की दरवाजा के बाहर से लगा हुआ है। काफी प्रयास के बाद मेरे रूम की दरवाजा नहीं खुला तो फोन कर आसपास के लोगों को बुलाया। जिन्होंने मेरे कमरे का दरवाजा खोला। बाहर निकालने के बाद अपने घरों की छानबीन की तो देखा कि मेरे घर में रखें 80 हजार नगद एवं लगभग चार लाख रुपए की सोने चांदी की आभूषण गायब है। खोजबीन किया तो घर से उतर दिशा की ओर 500 मीटर दूरी पर खेत में मेरे पत्नी के आभूषण की डिब्बा तथा अन्य सामग्री फेंका हुआ मिला। इसके बाद डायल कर 112 को इसकी जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस छानबीन में लग गई। थानाध्यक्ष गुरफान अली ने बताया की आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जानकारी अनुसार विकास कुमार के हाल ही में शादी हुई थी। उनकी पत्नी की आभूषण चोरी हुई है।



# रोहित, विराट, जडेजा और अश्विन के खिलाफ एक्शन के मूड में बीसीसीआई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम को 3-0 से शर्मनाक शिकस्त मिली है. भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने खुद ही हार की जिम्मेदारी ली है. मगर इस हार ने रोहित की कप्तानी, उनकी बल्लेबाजी, विराट कोहली समेत सीनियर खिलाड़ियों पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है. अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड भी इन सीनियर खिलाड़ियों के खिलाफ एक्शन लेने के मूड में दिख रहा है.

न्यूजीलैंड से हारने के बाद भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप की पॉइंट्स टेबल में भी टॉप पोजिशन से नीचे फिसल गई है. साथ ही फाइनल में जाने की राह भी बेहद मुश्किल हो गई है. अब भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है, जहां 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. यह ऑस्ट्रेलियाई सीरीज कप्तान रोहित, कोहली, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन के लिए आखिरी हो सकती है. रिपोर्ट में यह दावा किया है. कप्तान रोहित ने न्यूजीलैंड से तीसरा टेस्ट हारने के बाद भविष्य को लेकर कहा, फिलहाल मैं ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोच रहा हूं. रोहित ने आगे कहा, काफी जरूरी है कि हम अगली सीरीज पर फोकस करें जो ऑस्ट्रेलिया है. हमें ऑस्ट्रेलिया सीरीज से हटकर कुछ और नहीं सोचने वाला हूं. मेरे लिए फिलहाल वही सीरीज जरूरी है. हम उसपर ही पूरा फोकस करेंगे.

**चारों सीनियर्स ने अपना घरेलू टेस्ट खेल लिया!**

एक सीनियर सूत्र ने कहा, निश्चित रूप से जायजा लिया जाएगा. भारतीय टीम 10 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना होगी. यह एक बहुत बड़ी हार (न्यूजीलैंड सीरीज) है. ऑस्ट्रेलिया सीरीज बेहद करीब है और टीम का ऐलान पहले ही हो गया है. ऐसे में अब कोई बदलाव नहीं होगा. उन्होंने आगे कहा, यदि इंग्लैंड में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भारतीय टीम क्वालिफाई नहीं कर सकी तो एक बात साफ रहेगी कि चारों सीनियर खिलाड़ी इंग्लैंड दौरे के लिए सेलेक्ट नहीं किए जाएंगे. मामला कुछ भी हो, संभावना है कि सभी चारों ने अपना घरेलू टेस्ट खेल लिया है.

**2011 की तरह ही इस बार भी हो सकता है**

2011 के बाद भी ऐसा ही हुआ था जब सीनियर खिलाड़ियों की टीम से छुट्टी कर दी गई थी. तब टीम में युवा खिलाड़ियों की एंट्री हुई थी. ऐसे में इस बार भी कुछ ऐसा ही प्लान बन सकता है. हालांकि इसके लिए चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और गौतम गंभीर को इस मुद्दे पर बातचीत करनी होगी.

भारतीय टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4-0 से जीत हासिल करनी होगी. अगर टीम इस दौरान एक भी मैच गंवाती है तो टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर हो सकती है. भारत अगर इस साइकिल के लिए क्वालीफाई नहीं करता है तो अगले साइकिल की शुरुआत अगले साल 20 जून से इंग्लैंड में 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ होगी. ऐसे में सेलेक्शन कमिटी को उन खिलाड़ियों को चुनना होगा जो टीम की नींव तैयार कर सकें.

# केएल राहुल, ध्रुव जुरेल टेस्ट सीरीज से पहले अभ्यास मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया में इंडिया ए से जुड़ेंगे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से सीरीज गंवा दी। अब उसे ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 5 टेस्ट मैच खेलने हैं।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने के उद्देश्य से भारत के लिए यह सीरीज बहुत महत्वपूर्ण है। यदि वह सीरीज का एक भी मैच गंवा देती है तो उसका वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सपना चकनाचूर हो जाएगा।

इसी कारण भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। इसके लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। इसी के मद्देनजर उसने केएल राहुल और ध्रुव जुरेल को ऑस्ट्रेलिया भेजने का फैसला किया है। केएल राहुल और ध्रुव जुरेल 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले कुछ मैच प्रैक्टिस करने को इंडिया ए टीम में शामिल होने के लिए जल्द ही ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरेंगे। बीसीसीआई की वरिष्ठ चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ गुरुवार से मेलबर्न में शुरू होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच से पहले इन दोनों को मंगलवार सुबह तक भेजने का फैसला किया है।

भारतीय टीम दो बैचों में ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरने वाली है। पता चला है कि टीम प्रबंधन और चयन समिति ने यह फैसला इसलिए लिया है क्योंकि केएल राहुल और ध्रुव जुरेल ने ज्यादा नहीं खेला है।

केएल राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में पहला टेस्ट खेला, लेकिन उन्हें ज्यादा सफलता नहीं मिली। श्रृंखला में ध्रुव जुरेल की एकमात्र भागीदारी एक स्थानापन्न विकेटकीपर के रूप में थी जब ऋषभ पंत के घुटने में चोट लगी थी। भारतीय टीम पर्थ के पुराने टेस्ट स्थल डब्ल्यूएसीए में ट्रेनिंग करेगी, जबकि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मैच ऑप्टस स्टेडियम में खेला जाएगा।

## सार समाचार

### ब्रिज ओलंपियाडः

## भारत की सीनियर ब्रिज टीम का शानदार प्रदर्शन, ओलंपियाड में रजत पदक जीता



**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** भारतीय टीम ने 96 बोर्ड के फाइनल में शुरू में अमेरिका की टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अमेरिका की टीम ने हालांकि दो दिन तक चल फाइनल में आखिर तक अपनी लय बनाए रखी।

अपने पिछले मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारत की सीनियर टीम को 16वें विश्व ब्रिज ओलंपियाड के फाइनल में अमेरिका से 165-258 से हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय टीम में कमल मुखर्जी, विभास टोडी, बादल दास, प्रणब बर्धन, अरुण बापट, रवि गोयनका और गैर खिलाड़ी कप्तान गिरीश बिजूर शामिल थे। भारतीय टीम ने 96 बोर्ड के फाइनल में शुरू में अमेरिका की टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अमेरिका की टीम ने हालांकि दो दिन तक चल फाइनल में आखिर तक अपनी लय बनाए रखी। इस बीच इसी प्रतियोगिता के साथ खेली गई युगल स्पर्धा में संजीत डे और बिनोद साव की युवा भारतीय जोड़ी ने भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया।

### डब्ल्यूटीए फाईनल्सः

## कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में पेगुला को हराया, स्वियातेक की संघर्षपूर्ण जीत



**रियाद, एजेंसी।** इस टूर्नामेंट में विश्व की चोटी की आठ खिलाड़ी भाग ले रही हैं। नए कोच के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंची स्वियातेक ने सितंबर में अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पेगुला से सीधे सेटों में हारने के बाद से कोई मैच नहीं खेला था।

अमेरिका की कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स में हम वतन जेसिका पेगुला को 6-3, 6-2 से हराकर साल के इस अंतिम टेनिस टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की। दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने अपने पहले मैच में बारबोरा क्रेजिसिकोवा को 4-6, 7-5, 6-2 से हराया। यह उनकी पिछले दो महीने में पहली जीत है। इस टूर्नामेंट में विश्व की चोटी की आठ खिलाड़ी भाग ले रही हैं।



### गोल्फ

## दीक्षा डागर संयुक्त 29वें स्थान पर रहीं

### हुल ने जीता खिताब

**रियाद, एजेंसी।** भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर रविवार को यहां अरामको टीम सीरीज में संयुक्त 29वें स्थान पर रहीं जबकि चार्ले हुल ने अंतिम दौर में 66 के कार्ड से खिताब अपने नाम किया। दीक्षा ने अंतिम दौर में हफ्ते का सर्वश्रेष्ठ स्कोर तीन अंडर 69 बनाया जिससे वह टूर्नामेंट में संयुक्त 29वें स्थान पर रही जबकि प्रणवी उर्स (76) संयुक्त44वें स्थान पर खिसक गईं। दीक्षा ने अंतिम दौर में चार बर्डी और एक बोगी जबकि प्रणवी ने एक बर्डी लगाई और पांच बोगी कर बैठी।

# वेस्टइंडीज का ये बल्लेबाज तो रुकने का नाम नहीं ले रहा, हर मैच में ठोक रहा शतक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज की टीम अभी इंग्लैंड के खिलाफ खेल रही है. 3 मैचों की घरेलू वनडे सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है. लेकिन, इस बीच वेस्टइंडीज का एक बल्लेबाज अपने अलग ही कारनामें को लेकर सुर्खियां बटोर रहा है. वो धड़ाधड़ शतक ठोक रहा है. रुकने का नाम नहीं ले रहा. जो भी वनडे मुकाबला खेलने उतर रहा है, उसमें सेंचुरी जड़ दे रहा है. कम से कम पिछले 5 दिनों में तो यही दिखा है. इस दौरान 30 साल के कैरेबियाई क्रिकेटर जस्टिन ग्रीव्स ने मैच दर मैच शतक पर शतक ठोककर अब एक नया रिकॉर्ड सेट किया है.

### जस्टिन ग्रीव्स का लगातार तीसरा लिस्ट ए शतक

जस्टिन ग्रीव्स का कारनामा वेस्टइंडीज के घरेलू वनडे टूर्नामेंट सुपर 50 कप में देखने को मिला है. उन्होंने तीसरा लगातार शतक 3 नवंबर को त्रिनिदाद एंड टोबैगो रेड फोर्स टीम के खिलाफ खेले मुकाबले में जड़ा. जस्टिन इस टूर्नामेंट में लीवार्ड आईलैंड हरिकेन टीम का हिस्सा हैं. त्रिनिदाद एंड टोबैगो रेड फोर्स के खिलाफ 3 नवंबर को खेले मैच में उन्होंने 129 गेंदों पर 151 रन ठोके जिसमें 13 चौके शामिल रहे. इस शतक की बदौलत उनकी टीम को मैच में 7 विकेट से जीत मिली. सुपर 50 कप में जस्टिन ग्रीव्स के शतक लगाने का सिलसिला 30 अक्टूबर को वेस्टइंडीज एकेडमी के खिलाफ मुकाबले से शुरू हुआ था. इस मैच में उन्होंने 117 गेंदों पर 9 चौके और 1 छक्के की मदद से 111 रन बनाए थे.

### ला लिगाः

## बार्सिलोना की एक और जीत, रियाल मैड्रिड पर नौ अंक की बढ़त बनाई

**मैड्रिड, एजेंसी।** बार्सिलोना अब मैड्रिड से नौ अंक आगे हो गया है, जिसका वालेंसिया में शनिवार को होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाढ़ के कारण विलारियाल और रेयो



वैलेकैनो के बीच होने वाला मैच भी स्थगित कर दिया गया।

दानी ओल्मो के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने एस्पेनयोल पर 3-1 से जीत दर्ज करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के वर्तमान सत्र में अपना दबदबा बरकरार रखा। एक सप्ताह पहले सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में रियाल मैड्रिड को 4-0 से हराने वाले बार्सिलोना की तरफ से राफिन्हा ने भी गोल किया। बार्सिलोना अब मैड्रिड से नौ अंक आगे हो गया है, जिसका वालेंसिया में शनिवार को होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाढ़ के कारण विलारियाल और रेयो वैलेकैनो के बीच होने वाला मैच भी स्थगित कर दिया गया। दक्षिणी स्पेन में बाढ़ के कारण अभी तक 200 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इस क्षेत्र में होने वाले सेकंड डिवीजन के तीन मैचों को भी स्थगित कर दिया गया है।

बार्सिलोना ने इस जीत से एस्पेनयोल के खिलाफ अपना अजेय अभियान 27 में तक बढ़ा दिया है। लीग तालिका में 17वें स्थान पर मौजूद एस्पेनयोल अपने पिछले सात लीग मैचों में से छह हार चुका है। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड के कोच डिएगो शिमोन के बेटे गिउलिआनो शिमोन ने लास पालमास के खिलाफ टीम की 2-0 की जीत में क्लब के लिए अपना पहला गोल किया। अन्य मैचों में एथलेटिक बिलबाओ ने रियाल बेटिस के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला, जबकि 10वें स्थान पर चल रहे रियाल सोसिदाद ने सेविला को 2-0 से हराया।

# ऋद्धिमान साहा ने किया संन्यास का ऐलान

- 14 हजार से ज्यादा रन वाले भारतीय खिलाड़ी
- वानखेड़े में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वानखेड़े में रविवार को भारतीय टीम का न्यूजीलैंड ने क्लीन स्वीप कर दिया। 3 साल पहले 2021 में जब कीवी टीम भारत दौरे पर आई थी तब इसी मैदान पर मेजबान टीम 372 रन से जीती थी। इस मैच में भारत के लिए विकेटकीपिंग आखिरी बार विकेटकीपर की भूमिका निभाने वाले ऋद्धिमान साहा ने रविवार को क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि वह इस रणजी ट्रॉफी के बाद संन्यास ले लेंगे।

फर्स्ट क्लास, लिस्ट ए और टी20 में कुल मिलाकर 14 हजार से ज्यादा रन बनाने वाले साहा ने ट्विटर पर पोस्ट करके कहा, क्रिकेट में एक यादगार सफर के बाद, यह सीजन मेरा आखिरी सीजन होगा। रिटायर होने से पहले सिर्फ रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए बंगाल का प्रतिनिधित्व करने का मौका पाकर मैं गौरवान्वित हूं। इस सीजन को यादगार बनाएं!

**आईपीएल 2008 से 2024 तक हर सीजन में खेलने वाले खिलाड़ियों में शामिल**

विकेटकीपर बल्लेबाज ने भारत के लिए 40 टेस्ट और 9 वनडे मैच खेले हैं। इसके अलावा उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस जैसी फ्रेंचाइजी के लिए इंडियन प्रीमियर लीग में 170 मैच भी खेले हैं। वह उन 7 खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने आईपीएल 2008 से 2024 तक हर सीजन में खेले। इन 7 में से 2 और खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं।

महेंद्र सिंह धोनी,विराट कोहली,रोहित शर्मा और मनीष पांडे 2025 में भी खेलते दिखेंगे। दिनेश कार्तिक और शिखर धवन ने संन्यास ले लिया है। अब ऋद्धिमान साहा ने भी संन्यास का ऐलान कर दिया है। ध्यान रहे कि साहा की पिछली फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस ने उन्हें 2025 सीजन के लिए रिटेन नहीं करने का फैसला किया था। मोहम्मद शमी, डेविड मिलर, आर साई किशोर और मैथ्यू वेड जैसे अन्य बड़े नामों के साथ खिलाड़ी को भी रिलीज कर दिया था।

**त्रिपुरा के लिए भी खेले ऋद्धिमान साहा**

साहा ने 2007 से 2022 तक बंगाल का प्रतिनिधित्व किया और फिर 2 साल के लिए त्रिपुरा के लिए खेले। बंगाल क्रिकेट संघ के एक अधिकारी के साथ मतभेद के बाद साहा पर आरोप लगा था कि वह रणजी मैच न खेलने के लिए बहाने बना रहे हैं। इस साल अगस्त में उनकी बंगाल टीम में वापस हुई थी।

मुद्रक- स्वामी- प्रकाशक, सुनील कुमार मिश्रा, द्वारा शुभ - लाभ प्रिंटर्स , मावली उदयपुर, राजस्थान, 313203 / प्रधान संपादकः उमेश कुमार, मो.नं. +91 96259 58256 / संपादक : अनिल कुमार मिश्र, मो.नं. +91 98 5231 5231 / विधि सलाहकार : अरविंद कुमार भारद्वाज "अधिवक्ता" इलाहाबाद उच्च न्यायालय, उत्तरप्रदेश , मो.नं. +91 96953 96700 / प्रधान कार्यालय : HNo- 616 / 156 /1, सेमरा गौढ़ी, सीतापुर रोड मड़ियांव, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226013, मो. नं. +91 96259 58256 / बिहार - झारखंड, प्रदेश कार्यालय : (नजदीक जिला केन्द्रीय पुस्तकालय) पुरानी जीटीरोड़ , औरंगाबाद (बिहार), 824101, मो.नं. +9198 5231 5231 / दैनिक शुभ भास्कर RNI UPHIND 2015 /64737. पी. आर. बी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु ज़िम्मेदार, सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।